उज्जैन
रविवार
31
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-207
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एआई फोटो में घुटनों पर बैठे दिखाने पर भड़कीं उर्वशी यह टॉक्सिसिटी बंद करेंफोटो में फीमेल एक्टर्स के आगे झुकते दिखाया गया

पेज- 8

# जैसलमेर-जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट

## मप्र-यूपी समेत 7 राज्यों में गर्मी कम हुई, पारा 40 डिग्री से नीचे, रुद्रप्रयाग में मौसम बिगड़ा, केदारनाथ यात्रा रुकी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

आज भी हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है।

हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ वाले हिस्से में तापमान अभी भी 44 डिग्री से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर (चांदा) 44.8 डिग्री तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

इधर शनिवार को ही राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरूआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में अंधेरा छा गया। हवा के साथ आई रेत घरों में भर गई। आईएमडी ने आज भी जैसलमेर और जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट जारी किया है।

## जनरल सुब्रमणि ने देश के नए सीडीएस का पदभार संभाला

नई दिल्ली। देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को पदभार संभाल लिया। दिल्ली में उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे देश के तीसरे उउ्र है। उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल चौहान शनिवार को रिटायर हुए थे।



पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा मंत्रालय और सभी संबंधित संस्थान देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने कहा, भारतीय सेना में स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों के अपडेशन, उनकी खरीद और इस्तेमाल को तेज किया जाएगा।

## अमेरिकी एक्यू-1 ड्रोन मार गिराया, ट्रम्प बोले- समझौते की जल्दी नहीं

तेल अवीव। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसकी एयर डिफेंस यूनिट ने रविवार को ईरानी हवाई सीमा में घुसे अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया। यह जानकारी ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने दी है। आईआरजीएस के मुताबिक, ड्रोन को एयर डिफेंस और निगरानी सिस्टम ने तुरंत पहचान लिया था। इसके बाद एडवांस मिसाइल सिस्टम से उसे निशाना बनाकर गिरा दिया गया। ईरान ने दावा किया कि ड्रोन अमेरिकी सेना का था और दुश्मनी भरे ऑपरेशन के इरादे से सीमा में दाखिल हुआ था। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें ईरान के साथ समझौते की कोई जल्दी नहीं है।

## अभिषेक हेलमेट नहीं पहनते तो जान चली जाती, खून के थक्के जमे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को साजिश बताया। ममता ने कहा- अभिषेक ने अगर हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी मौके पर जान जा सकती थी। हमले के चलते शरीर में खून के थक्के जम गए थे। हमले के बाद अभिषेक को जब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया तो अस्पताल प्रशासन पर इलाज न करने का दबाव डाला गया। साथ ही उन्हें जल्द डिस्चार्ज करने को कहा गया। पश्चिम बंगाल के दक्षिण सोनारपुर में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को मारपीट की गई। वे यहां चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।



## वन नेशन, वन इलेक्शन पर सुरक्षित रास्ता तलाश रही सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े। पूरे देश को एक साथ चुनावी चक्र में लाने के बजाय दो चरणों- 2029 और 2034 में बढ़ने का विकल्प सबसे व्यावहारिक माना जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं। संयुक्त संसदीय समिति की अवधि 2026 के मानसून सत्र तक बढ़ाई जा चुकी है। ऐसे में 2029 से चुनावी चक्र एक करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

## धोनी 3 करोड़ की कार से मसूरी पहुंचे

### बेटी का समर कैंप में एडमिशन कराया, फैंस के साथ फोटो खिंचवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मसूरी

महेंद्र सिंह धोनी 3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर के साथ मसूरी में घूमते दिखे। जैसे ही फैंस को इसका पता चला तो वे भी स्टार क्रिकेटर से मिलने पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक धोनी अपनी बेटी जीवा सिंह धोनी का समर कैंप के लिए एक बोर्डिंग स्कूल में एडमिशन कराने आए हुए थे। वे शनिवार को देहरादून से मसूरी के लिए रवाना हुए थे।

धोनी शनिवार देर शाम लालटिब्बा क्षेत्र स्थित एक होटल पहुंचे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। वहां मौजूद कुछ लोगों को



पहले लगा कि रोहित शर्मा आए हुए हैं तो वे जोर-जोर से रोहित शर्मा, रोहित शर्मा चिल्लाने लगे। धोनी ने जब यह सुना तो वे हंस पड़े। इस दौरान समर कैंप जाते समय उन्होंने फैंस से हाथ भी मिलाया। इसके बाद वहां मौजूद एक बच्चे ने जब धोनी-धोनी कहा तो उन्होंने पीछे मुड़कर देखा और मुस्कुराने लगे।

## बंगाल में बॉर्डर पर फेंसिंग लगाने पहुंची बीएसएफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल बॉर्डर का 600 किलोमीटर का एक हिस्सा ऐसा है, जहां बांग्लादेश के साथ सीमा पूरी तरह खुली है। कोई फेंसिंग नहीं है। यहां बीते दिनों जब बीएसएफ की टीम बॉर्डर नापने के लिए पहुंची तो गांव वालों ने मिठाइयां बांटी। यह इलाका है मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी बाजार में जीरो लाइन पर बसा सकारपाड़ा गांव। 4 हजार की आबादी और 2500 मतदाता। इनमें 95% लोग खेती पर निर्भर हैं। गांव का भूगोल बेहद संवेदनशील है। घर खत्म होते ही खेत आ जाते हैं और खेत खत्म होते ही बांग्लादेश।

## ट्रम्प की बेटी ने पति के साथ ताजमहल देखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी अपने पति माइकल बॉऊलोस के साथ आगरा पहुंचीं। दोनों ने करीब एक घंटे ताजमहल परिसर में बिताए। ताजमहल की खूबसूरती देखकर टिफनी काफी खुश नजर आईं। उन्होंने गाइड रमेश दीवान से पूछा- ताजमहल में जो मार्बल लगे हैं, वां कहां से लाए गए। इसकी इतनी सुंदर नक्काशी कैसे की गई। रमेश ने जवाब दिया कि संगमरमर कहीं से लाए नहीं गए, ये भारत के ही हैं। नक्काशी में प्रयोग हुए स्टोन के बारे में बताया कि स्टोन भारत के अलावा अफ्रीका, यमन जैसे देशों से मंगाए गए थे।




### साच पास मार्ग पर पर्यटकों से भरी इनोवा गाड़ी 500 फीट गहरी खाई में गिरी

## चंबा में भीषण हादसा, 8 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भरमौर

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के तहत आते उपमंडल चुराह में 'बैरागढ़-साच पास-किलाड़' मार्ग पर शुक्रवार रात एक अत्यंत भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें वाहन सवार आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, कालाबन के समीप पर्यटकों से भरी एक बोलेरो/इनोवा गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 500 फीट गहरी और सीधी खाई में जा गिरी। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार किसी भी को संभलने का मौका नहीं मिला। यह खौफनाक हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे पेश आया, जब यह वाहन बैरागढ़ पुलिस चेक पोस्ट को पार कर पांगी घाटी को जोड़ने वाले बर्फीले दर्रे 'साच पास' की ओर बढ़ रहा था। आधी रात को हुए इस हादसे के बाद जब तक सूचना मिली, तब तक काफी देर हो चुकी थी। क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम, पथरीले भूगोल और घने अंधेरे के कारण तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने में प्रशासन और स्थानीय पुलिस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



### बैरागढ़ कमेटी की जनता से भावुक अपील

500 फीट गहरी और खड़ी खाई से आठ शवों को ऊपर मुख्य सड़क तक लाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए स्थानीय 'बैरागढ़ कमेटी' ने आम जनता से मानवीय आधार पर आगे आने की भावुक अपील की है। कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के युवाओं और आम लोगों से आग्रह किया है कि वे रविवार सुबह ठीक 8:00 बजे बैरागढ़ में एकत्रित हों, ताकि मानव श्रृंखला बनाकर और रस्सियों के सहारे शवों को खाई से बाहर निकालने में प्रशासन और पुलिस की मदद की जा सके।



## खबर एक नजर...

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

**उज्जैन।** महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उज्जैन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पंवासा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ घंटों के अंदर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 29 मई 2026 को एक नाबालिग बालिका अपने माता-पिता के साथ थाना पंवासा पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बालिका ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे उसके पिता काम पर गए हुए थे तथा माता घर से बाहर थीं। उस दौरान वह अपने छोटे भाई के साथ घर में सो रही थी। इसी बीच मकान मालिक अमन मालवीय घर में घुस गया और बालिका के साथ अश्लील हरकत करने लगा। बालिका और उसके भाई द्वारा शोर मचाने पर उसकी माता मौके पर पहुंच गईं, जिन्हें देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। बाद में बालिका ने पूरी घटना अपने माता-पिता को बताई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने के कारण थाना पंवासा पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। उनके निर्देशन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी अमन हिरवे पिता रंजीत हिरवे (26 वर्ष), निवासी अमृत नगर, पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन को उसके निवास क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की गई।

### महाकाल से चश्मे में छुपे कैमरों के साथ तीन ब्लॉगर पकड़ाए

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर के सभामंडपम से तीन लोगों को मंदिर के कर्मचारी और सुरक्षा में लगे कर्मी ने पकड़ा। उनके चश्मे में छुपे हुए कैमरे लगे थे। वे इंदौर से यहां आए थे। पूछताछ की तो बोले- हम ब्लॉगर हैं, लेकिन मंदिर में कोई वीडियो नहीं बनाई। शनिवार शाम 4 बजे की घटना बताई जा रही है। जब अन्य श्रद्धालुओं के साथ तीन लोग चश्मा लगाए सभामंडपम में पहुंचे। वे दर्शन की कतार में देखने की जगह इधर-उधर ज्यादा देख रहे थे। सभामंडपम में तैनात कर्मचारी को शक हुआ तो उन्होंने तीनों को एक तरफ खड़ा कर दिया। इसकी सूचना मंदिर कंट्रोल रूम पर दी। उनके चश्मे में छुपे हुए कैमरे मिले। उसके बाद तीनों से पूछताछ की गई। इसमें पता लगा कि वे प्रोटोकॉल से यहां तक पहुंचे हैं। वे ब्लॉग बनाते हैं, लेकिन उन्होंने कोई वीडियो नहीं बनाई। पूछताछ के बाद तीनों ब्लॉगर को छोड़ दिया गया। दो भक्तों ने पहनाई थी एक-दूसरे को अंगूठी महाकाल आए पुलकित मल्होत्रा और गिन्नी खंडूजा नें पिछले दिनों इंस्टा आईडी पर पोस्ट किया। इसमें वे एक-दूसरे को सगाई की रिंग पहना रहे थे। वीडियो बनाते न तो मंदिर के कर्मियों ने रोका न ही निजी सुरक्षा एजेंसी के लोगों ने। एक दूसरे का हाथ पकड़ मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर प्रबंध समिति ने वीडियो डिलीट करवाया। निजी सुरक्षा एजेंसी कोर पर 50 हजार रु. का जुर्माना लगाया।

### राष्ट्रीय स्पेलबी में उज्जैन की स्वरा को 26वां स्थान

**उज्जैन।** जिले की छात्रा स्वरा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पेलबी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पांचवीं कक्षा की स्वरा ने देशभर के सभी विद्यार्थियों में 26वां स्थान हासिल किया, जबकि अपनी कक्षा स्तर पर देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। देशभर में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंग्रेजी के कठिन शब्दों की वर्तनी, शब्द-ज्ञान और विद्यार्थियों के भाषाई कौशल का कड़ा परीक्षण होता है। स्वरा के पिता पंकज गुप्ता, माता प्रियंका, दादा सुरेश प्रसाद और दादी सुषमा गुप्ता ने उपलब्धि को स्वरा की मेहनत का परिणाम बताया।

---

**सिंहस्थ-2028 तैयारियों का एसीएस ने लिया जायजा**

# एक ट्रैवलर में सवार होकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

### 3 हजार हेक्टेयर में पार्किंग पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए शनिवार को अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा पहुंचे। उनके साथ संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा और विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड भी मौजूद रहे। सभी अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुरूप एक ही ट्रैवलर वाहन में सवार होकर निरीक्षण के लिए निकले।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सिंहस्थ 2028 के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इसमें सड़क निर्माण, सिंहस्थ मेला कार्यालय, मार्ग चौड़ीकरण, गोपाल मंदिर मल्टीलेवल वाहन पार्किंग और श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए प्रस्तावित पार्किंग क्षेत्रों का निरीक्षण शामिल रहा।

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने प्रस्तावित पार्किंग स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया।

संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के लिए लगभग 3 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लेवल-1 और लेवल-2 पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। इन पार्किंग स्थलों से सिंहस्थ मेला क्षेत्र और शिप्रा नदी के नए घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु आसानी और सुविधा के साथ घाटों एवं मेला क्षेत्र तक पहुंच सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोपाल मंदिर के सामने स्थित पुराने रीगल टॉकीज परिसर, चामुंडा माता मंदिर चौराहे से फ्रीगंज को जोड़ने वाले निमार्णाधीन ब्रिज तथा मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्य का भी जायजा लिया।

#### गुणवत्ता और समय-सीमा पर एसीएस का फोकस

- अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने निर्देश दिए कि पार्किंग स्थलों की योजना बनाते समय बारिश की स्थिति को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग से घाटों और मेला क्षेत्र तक जाने वाले मार्ग सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक होने चाहिए। बड़े और छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग क्षेत्र निर्धारित किए जाएं।
- उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पार्किंग से जुड़े मार्गों पर पर्याप्त सूचना एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था हो, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही सिंहस्थ से जुड़े महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

---

**सिंहस्थ से पहले उज्जैन के 100 चौराहे हाईटेक होंगे**

# सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज, चौराहों की कैमरों से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए शहर के 100 प्रमुख चौराहों का विकास और आधुनिकीकरण किया जाएगा। इन चौराहों को हाईटेक तकनीक से लैस किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट को बेहतर बनाया जा सकेगा।

उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों के तहत शहर में सड़कों के विस्तार के साथ-साथ चौराहों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के 100 से अधिक चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां आधुनिक डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। सभी चौराहों पर लेफ्ट टर्न और यू-टर्न की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारु बना रहे।

**प्रमुख सड़कों को छह और चार लेन में विकसित कर रहे-** उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई प्रमुख सड़कों को छह लेन और चार लेन में विकसित किया जा रहा है। शहर के भीतर 60 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से चौराहों का विकास शुरू किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन भी तैयार कर ली गई है। कलेक्टर रौशन सिंह के अनुसार सभी विकसित चौराहों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जाएगा। चौराहों पर लगाए जाने वाले कैमरों और ट्रैफिक सिग्नलों की लाइव फीड एक केंद्रीय कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। इससे किसी भी स्थान पर भीड़ बढ़ने या ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। प्रशासन का दावा है कि हाईटेक चौराहों के माध्यम से पूरे शहर की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव होगी। आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात प्रबंधन अधिक सुगम बनेगा और सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया जा सकेगा।

---

# महाकाल के भक्तों को ठगने वाली 11 फर्जी वेबसाइट्स बंद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकालेश्वर की नगरी में श्रद्धालुओं को निशाना बनाने वाले साइबर ठगों के खिलाफ उज्जैन पुलिस ने शिकंजा कसा है। होटल और भक्त निवास के नाम पर ऑनलाइन बुकिंग का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली 11 फर्जी वेबसाइटों और लिंक्स को ब्लॉक करवाया गया है।

यह कार्रवाई एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर साइबर सेल द्वारा की गई है। श्रद्धालु जब इन फर्जी साइट्स के जरिए कमरा बुक कर एडवांस पैसे जमा कराते थे, तो उज्जैन पहुंचने पर उन्हें ठगी का पता चलता था।

पुलिस ने जांच में मध्य प्रदेश टूरिज्म सम्राट विक्रमादित्य, महाकालेश्वर भक्त निवास के नाम से मिलती-जुलती फर्जी साइट्स और ट्रिप एडवाइजर व जस्ट डायल के फर्जी लिंक चिह्नित किए। इसके बाद पुलिस मुख्यालय भोपाल के माध्यम से आईटी एक्ट 2000 और भारतीय न्याय संहिता के तहत नोटिस जारी कर इन्हें तत्काल निष्क्रिय कराया गया। पुलिस ने होटल या भक्त निवास की बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट से करने और भुगतान से पहले जांचने की अपील की है। ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं।

---

# मादक पदार्थों की रोकथाम पर पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गृह मंत्रालय भारत सरकार के नशामुक्त भारत ड्रग फ्री इंडिया नशे को ना कहें अभियान के तहत शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में नारकोटिक्स विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आलोक शर्मा और सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नीरज कुशवाह ने जिले के 27 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में मादक पदार्थों से जुड़े अपराधों के विश्लेषण, पिछले 10 वर्षों के अपराधियों की पहचान, आदतन तस्करों की निगरानी, हिस्ट्रीशीट तैयार करने तथा मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल डेटा के विश्लेषण संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से सप्लाई चेन और प्रभावित क्षेत्रों की पहचान पर जोर दिया गया।

दूसरे चरण में चिन्हित तस्करों और बिचौलियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीति बताई गई। तीसरे चरण में नशामुक्ति, जनजागरूकता अभियान, पुनर्वास केंद्रों के भ्रमण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

**एनडीपीएस अधिनियम की कानूनी जानकारी दी-** सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक प्रक्रिया, विवेचना में बरती जाने वाली सावधानियां, अभियोजन संबंधी प्रावधानों तथा पीआईटी-एनडीपीएस और सेफेमा के अंतर्गत कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में चर्चित मामलों की केस स्टडी के माध्यम से अनुसंधान की गुणवत्ता और प्रभावी अभियोजन पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधियों की निगरानी को मजबूत करना तथा एनडीपीएस प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन सुनिश्चित करना है।

उज्जैन
रविवार
31
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

परोपकारशून्यस्य धिक मनुष्यस्य जीवितम्।
जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति॥

**अर्थः** परोपकार रहित मानव के जीवन को धिक्कार है। वे पशु धन्य है, मरने के बाद जिनका चमड़ा भी उपयोग में आता है।

## खबर एक नजर...

### पुलिस की गिरफ्त में शातिर नकबजन, नगदी और लाखों रुपए के जेवरात किए बरामद

**इंदौर।** इंदौर की चंदन नगर पुलिस ने शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नगदी और लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने जब्त किए हैं। चंदन नगर पुलिस की टीम ने 27 मई की दरमियानी रात को युधिष्ठिर पिता प्रेम कालू देवड़ा निवासी राम बलराम नगर के ऑफिस कालू आइस डिपो के गल्ले में से 35 हजार रुपए नगदी अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया था। इस मामले में पुलिस के केस दर्ज जांच शुरू की। चंदन नगर पुलिस ने विभिन्न संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज देखे। फुटेज और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को शातिर बदमाश अंकित मालवीय निवासी रेवा बाग मीठा तालाब थाना नाहर दरवाजा जिला देवास को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करते की तो आईस डिपो ऑफिस के गले से चोरी करना बताया। चोरी किए रुपए में से करीब 7 हजार रुपए खाने-पीने खर्चा कर दिए। बाकी 28 हजार 620 रुपए जब्त किए गए। पूछताछ में उसने बताया कि 3 महीने पहले ग्राम सिंहासा राम मंदिर से भगवान के चांदी के मुकुट, बांसुरी, घड़ा, पायजेब, चैन तथा सोने के मंगलसूत्र मंदिर का ताला तोड़कर रात में वारदात को अंजाम दिया था।

### ट्रैक्टर से नीचे गिरा किसान पहिया चढ़ने से मौत

**इंदौर।** खुडैल थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में एक किसान और एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निरंजनपुर निवासी 58 वर्षीय केदार पुत्र कुंवर का गोगाखेड़ी में खेत है। शनिवार को वह खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर चलाते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े। हादसे में ट्रैक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए गोकुलदास अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक केदार के परिवार में एक बेटा है, जो खेती-किसानी का कार्य करता है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### चाकूबाजी करने वालों का निकाला जुलूस

**इंदौर।** चोइथराम मंडी क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को राजेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए चाकू भी बरामद किए गए हैं। शनिवार को पुलिस ने उनका चोइथराम मंडी में जुलूस भी निकाला। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, 27 मई को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चोइथराम मंडी गेट नंबर-1 के पास मोनिका कैंटीन के सामने मंडी में हम्माली का काम करने वाले गणेश, आकाश और धर्मेंद्र ने उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगे थे। रुपए देने से इनकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। हमले में फरियादी के पेट में गंभीर चोट आई थी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे सुनील, रणजीत और अरुण पर भी आरोपियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने धर्मेंद्र राजपूत निवासी सिलिकॉन सिटी, आकाश उर्फ कट्टी निवासी न्यू प्रकाश नगर झोपड़पट्टी और गणेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किए गए चाकू भी जब्त किए गए हैं। शनिवार को पुलिस ने चोइथराम मंडी क्षेत्र में आरोपियों का जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर कहते नजर आए, गुंडागर्दी पाप है, पुलिस हमारी बाप है।

### जल संकट पर निगम कमिश्नर सख्त, फालतू पानी फेंकने वालों को पहले समझाएंगे

# नहीं मानने पर होगी चालानी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में जल संकट गहराता ही जा रहा है। जल संकट को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सख्त रवैया अपना रहे हैं। अब फालतू पानी बहाने पर ऐसे लोगों को पहले समझाइश दी जाएगी, नहीं मानने पर उन पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

निगम कमिश्नर ने सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रभारी मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों और सहायक मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को विशेष निर्देश जारी किए हैं।

निगम कमिश्नर ने वॉटर सप्लाई के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण करने के लिए कहा है, जिन जल संयोजनों के नलों में टोटियां नहीं लगी और जहां पानी अनाश्वयक रूप से ढोला जा रहा है। वहां तत्काल



आवश्यक कार्रवाई करें।

निगम कमिश्नर ने निर्देशित किया है कि फालतू पानी ढोलने वाले लोगों को पहले समझाइश देकर पानी की बबार्दी रोकने और नलों में टोटियां लगाने के लिए मोटिवेट करें। यदि समझाइश के बाद भी वह पानी ढोलते है तो उनके खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाए। साथ ही रोजाना की जाने वाले चालानी कार्रवाई की जानकारी भी अपर आयुक्त को दी जाए। बता दें कि गर्मी के दौरान शहर में पानी की उपलब्धता और मैनेजमेंट को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

#### ऐसे सामने आई ये बात

दरअसल, नगर निगम के अधिकारी रोजाना सुबह दौरा करने निकलते हैं। इस दौरान ये बात सामने आई कि शहर की विभिन्न बस्तियों और रहवासी इलाकों में कई जगहों पर नलों में टोटियां नहीं होने के कारण पानी की सप्लाई के समय बड़ी मात्रा में पानी फालतू बहता रहता है। इससे न केवल पानी वेस्ट होता है, बल्कि आसपास के इलाके में जलभराव और गंदगी की स्थिति बन जाती है।

#### जनता से की अपील

- कई लोग पानी का इस्तेमाल गाड़ियां धोने, घरों के आंगन, परिसर और ओटलों की सफाई जैसे कामों में कर रहे है। नगर निगम ने इस प्रकार के उपयोग को अनुचित बताते हुए लोगों से पीने के पानी का इस्तेमाल केवल आवश्यक घरेलू कामों और पीने में इस्तेमाल करने की अपील की है।
- निगम कमिश्नर ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह पानी की हर बुंद का महत्व समझे और उसके संरक्षण में अपना योगदान दे।

#### लोग कर चुके हैं चक्काजाम, प्रदर्शन

- पानी की किल्लत के चलते कई लोग परेशान है। नगर निगम ने भी पिछले साल की तुलना में करीब 125 टैंकर ज्यादा चला रहा है, ताकि लोगों तक पानी पहुंच सके। पानी की किल्लत के चलते शहर में कई जगह चक्काजाम और प्रदर्शन लोगों द्वारा किए जा चुके हैं।

# मसाला निर्माण फैक्टरियों पर छापे

### लाखों का संदिग्ध स्टॉक जब्त, मसालों में मिलावट पर खाद्य विभाग का शिकंजा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदौर में संभागीय खाद्य फ्लाइंग स्क्वाड ने शनिवार को मसाला निर्माण फैक्टरियों पर कार्रवाई की है। टीम ने खंडवा रोड स्थित विभिन्न मसाला निर्माण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्रित किए और संदिग्ध खाद्य सामग्री का बड़ा भंडार जब्त किया।

टीम ने खंडवा रोड स्थित कैलोद करताल क्षेत्र में संचालित राठौर ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। यहां मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर का निर्माण होते पाया गया। जांच के दौरान मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, खड़ा धनिया और धनिया दाल के कुल चार नमूने लेकर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण लैब भेजे गए। इसके बाद टीम ने सौरभ स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर



और राई दाल के तीन नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को विस्तृत परीक्षण के लिए लैब भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान एच.के. फूड में मिर्च पाउडर और नूडल्स मसाला के सैंपल लिए गए। निरीक्षण में खाद्य सामग्री संदिग्ध प्रतीत होने पर टीम ने शेष स्टॉक को सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया। मौके से लगभग 998 किलो मिर्च पाउडर, जिसकी अनुमानित कीमत 2.99 लाख रुपये है और 2398 किलो नूडल्स मसाला, जिसकी कीमत करीब 5.99 लाख रुपए आंकी गई है, जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 3396 किलोखाद्य सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 8.99 लाख रुपए है, को जांच पूरी होने तक सुरक्षित रखा गया है।

## जिनके मकान टूटे, उन्हें मिलेगा टीडीआर का फायदा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नगर निगम इंदौर शहर की मास्टर प्लान की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेजी से कर रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए छावनी रोड और जिंसी रोड के चौड़ीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है।

इस दौरान जिन मकानों का हिस्सा सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित हुआ है, उनके भू-स्वामियों को नियमानुसार टीडीआर (ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स) का लाभ दिया जाएगा।

नगर निगम ने प्रभावित भू-खण्ड धारकों से अपने स्वामित्व संबंधी दस्तावेज संबंधित जोनल कार्यालय में जमा करने की अपील की है। भवन अधिकारी या भवन निरीक्षक के पास दस्तावेज जमा होने के बाद टीडीआर प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

नगर निगम के अनुसार सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित मकानों के शेष हिस्से पर भवन स्वीकृति के समय निर्धारित एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) के अतिरिक्त एफएआर का लाभ टीडीआर प्रमाण पत्र के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। यदि भू-स्वामी अपने शेष भू-भाग पर अतिरिक्त एफएआर का उपयोग नहीं कर पाता है, तो वह टीडीआर प्रमाण पत्र को कलेक्टर गाइडलाइन दर के अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में कहीं भी विक्रय कर सकेगा। इसके बदले उसे आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

# इंदौर में दंपती से मारपीट, कार डिवाइडर में घुसी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के सत्यसांई चौराहे पर शनिवार-रविवार दरमियानी रात दोपहिया वाहन से जा रहे एक दंपति के साथ खुद को सैन्यकर्मी बताने वाले कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। विवाद बढ़ने पर आसपास मौजूद लोग दंपति की मदद के लिए पहुंचे। इस बीच युवकों से हाथापाई हो गई।

इस दौरान कार सवार युवकों ने वाहन तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए कुछ वाहनों को टक्कर मारी और कार डिवाइडर में घुस गई। सूचना मिलने पर विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।



**महालक्ष्मी नगर मेले से लौट रहे थे दंपति-** जानकारी के अनुसार रिमझिम बारोसा अपने पति शिखर के साथ महालक्ष्मी नगर मेले से घर लौट रही थीं। रिमझिम महिला बाउंसर के रूप में काम करती हैं। बंबई अस्पताल के पास वाहन कट मारने की बात को लेकर उनकी कार सवार युवकों से कहासुनी हो गई।

**चौराहे पर रोककर किया विवाद-** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सत्यसांई चौराहे पर कार सवार युवकों ने दंपति का रास्ता रोक लिया और विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि कार में सवार पांच युवकों ने शिखर और रिमझिम के साथ मारपीट की।

**लोगों ने किया दंपति का बचाव-** मारपीट होते देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और दंपति को बचाने का प्रयास किया। विवाद बढ़ने पर भीड़ और युवकों के बीच भी झड़प हो गई। इस दौरान कार सवार युवकों ने वाहन दौड़ाकर निकलने का प्रयास किया।

**डिवाइडर में घुसी कार, क्रेन से हटाया-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवकों ने कार से लोगों को टक्कर मारने की कोशिश की। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुस गई। बाद में क्रेन की मदद से कार को हटाया गया। वहीं, पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पहुंचा दिया है।

**सैन्यकर्मी होने के दावे की जांच-** विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी सत्यापित कर रही है कि कार में सवार युवक वास्तव में सैन्यकर्मी हैं या नहीं। मामले में संबंधित पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की प्रांत संयोजकों की राष्ट्रीय बैठक का शुभारंभ

# भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: डॉ. अतुल कोठारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की दो दिवसीय प्रांत संयोजक राष्ट्रीय बैठक का शुभारंभ पुणे के ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी दृष्टि पश्चिम की दृष्टि नहीं है। विकास का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं है। आर्थिक विकास के साथ समस्याएं बढ़ती हैं। भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। भारत का विकास केवल सरकार की अवधारणा नहीं है। समाज के हर वर्ग को देश के विकास की चिंता करनी होगी। हमें संयुक्त रूप से देश के प्रति निष्ठा से कर्तव्यों को पूरा करना होगा। विकसित भारत के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा संस्थानों को महती भूमिका निभानी होगी।

यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार संयोजक डॉ. जफर महमूद ने बताया कि श्रीमती नाथी बाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय पुणे एवं डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लोणेरे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय बैठक के पांच सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, विकसित भारत हेतु शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, ज्ञानसभा के आयोजन एवं शिक्षा के विभिन्न आयामों पर गहन मंथन हुआ। साथ ही सभी प्रांतों के वृत्त (रिपोर्ट) प्रस्तुत किए गए।





कार्यक्रम को राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. दीपक श्रीवास्तव, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलगुरु प्रो. आलोक चक्रवाल, न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक ओमप्रकाश शर्मा, संजय स्वामी, विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर के अजय तिवारी, डॉ. राकेश ढांड, रामसागर मिश्रा और सुनील पण्ड्या ने संबोधित किया।

इस अवसर पर न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुरारिया, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, राय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो. पियूष रंजन, गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजुल रंजन, गुजरात साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. जयेंद्र जाधव, छपरा विश्वविद्यालय बिहार के कुलपति प्रो. प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी, राष्ट्रीय महिला संयोजक सुश्री शोभा पेठनकर, डॉ. गीता नायक, डॉ. राजीव पांड्या और प्रचार-प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक अथर्व शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में देश के 40 प्रांतों के 200 से अधिक दायित्ववान कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कलाकारों ने दी शिव भजन की शानदार प्रस्तुति




उज्जैन। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ज्वलंत शर्मा और अमित शर्मा ने शिव भजन की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कलाकारों का सम्मान भी किया गया। कपिल यादें के निर्देशन में आयोजित इस संगीत संध्या में ज्वलंत शर्मा और अमित शर्मा ने 'डमक डमक डम डमरू बाजे महादेव के हाथ' भजन गाया। भजनों की इस प्रस्तुति में मुख्यमंत्री ने भी गायकों का साथ दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के विशेष आग्रह पर दोनों कलाकारों ने 'यारी है ईमान मेरा यार मेरी जिंदगी' गीत की सुमधुर प्रस्तुति भी दी।

### ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भागवत कथा 1 जून से

उज्जैन। श्री बांके बिहारी मंदिर में अधिक मास के दौरान भागवत कथा का आयोजन 1 जून से किया जा रहा है। मंदिर संस्थापक सनातन धमार्चार्य पं. हरिनारायण शास्त्री प्रतिदिन भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

मंदिर प्रमुख वासुदेव शास्त्री ने बताया कि अंकपात, मंगलनाथ मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 1 से 7 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। जिसमें प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का बखान किया जाएगा। अधिक मास का विशेष महीना भगवान श्री विष्णु के पूजन, स्मरण और कथा श्रवण का महीना होता है। धमार्चार्य पं. हरिनारायण शास्त्री अधिक मास के विशेष मौके को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन कथा का रसपान कराएंगे। तेज गर्मी में श्रद्धालुओं को तपन से बचाने के लिए मंदिर में शीतल जल की फागिंग की व्यवस्था भी की गई है। 7 जून को कथा का विराम होगा। कथा के आयोजक केंद्रीय श्रीमदभागवत ज्ञान गंगा समिति के सदस्यगण हैं।

## शिक्षा और छात्रों के उत्थान को समर्पित रहा खुर्शीद अली का जीवन

### सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने मनाई पांचवीं पुण्यतिथि, अपंग आश्रम में किया सामग्री वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विक्रम विश्वविद्यालय के असिस्टेंट लाइब्रेरियन, शिक्षाविद और सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक हाजी सैयद खुर्शीद अली की पांचवीं पुण्यतिथि पर अपंग आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड और फलों का वितरण किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता रईस अहमद ने श्री खुर्शीद अली का स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन शिक्षा और छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए समर्पित रहा। वे छात्रों की हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। शिक्षा जगत में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम समिति के अध्यक्ष एडवोकेट समीर खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन और विनीत सोलपंखी ने भी श्री अली का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का सफल संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा आभार नासिर मंसूरी ने माना। यह जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में प्रतिकल्पा के कलाकारों ने जीते पांच अवार्ड

## अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे ने किया था आयोजन, फिनाले के लिए अंडमान निकोबार जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में उज्जैन की प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के प्रतिभाशाली कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अवार्ड अपने नाम किए हैं। इन कलाकारों का चयन अंडमान निकोबार आइलैंड में होने वाले प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए हो गया है।

संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक कलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिवर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। वर्ष 2026 की स्पर्धा में संस्था के कलाकारों ने वरिष्ठ नृत्यगुरू डॉ. पल्लवी किशन के मार्गदर्शन में तैयारी कर हिस्सा लिया था और विभिन्न श्रेणियों में चार प्रथम एवं एक द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।



प्रतियोगिता में ओपन कैटेगरी के सेमी क्लासिकल नृत्य में नविता मंडलोई ने प्रथम, जूनियर कैटेगरी के सेमी क्लासिकल में रिद्धि सोनी ने प्रथम और माइनर कैटेगरी के सेमी क्लासिकल में जानवी चांडक ने प्रथम पुरस्कार जीता। इसी तरह माइनर कैटेगरी के फोक डांस में क्रिस्टी सलूजा ने प्रथम एवं रोशिता सोनी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कलाकारों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, कुमार किशन, डॉ. अनिता चौधरी, सुश्री शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, विजय भागचंदानी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण चतुर्वेदी, मिलन गुप्ता और स्वप्निल केलकर सहित संस्था के अनेक सदस्यों एवं अभिभावकों ने नृत्यगुरु डॉ. पल्लवी किशन व सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है।

# विद्यार्थियों को भयमुक्त और संवादपूर्ण वातावरण देना सामूहिक जिम्मेदारी

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आत्महत्या रोकथाम पर संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य और मित्रवत व्यवहार पर दिया जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विद्यार्थियों में आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें भयमुक्त, सहयोगात्मक और भेदभाव रहित वातावरण देना परिवार, समाज और शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है। हर संघर्ष का समाधान संवाद, सहयोग तथा कानूनी समर्थन के माध्यम से संभव है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य अर्पण भारद्वाज ने कही। वे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आत्महत्या रोकथाम विषय पर आयोजित संभाग स्तरीय एक दिवसीय संवेदनशीलता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।




कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला तथा उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य वक्ता जिला रजिस्ट्रार अनुराग शर्मा ने कहा कि मेडिकल, प्रबंधन और इंजीनियरिंग जैसे परिसरों की परिस्थितियां और समस्याएं अलग होती हैं। कार्य का दबाव और रैगिंग विद्यार्थियों को मानसिक तनाव की ओर ले जाते हैं। इसका समाधान विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन के आपसी सामंजस्य से ही संभव है। मुख्य अतिथि एवं परिषद सदस्य राजेश कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार और उनकी योजनाओं में सहभागिता से विश्वविद्यालय का वातावरण स्वस्थ और सकारात्मक बनता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंकुर गुप्ता ने मानसिक तनाव और अवसाद के लक्षणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अवसाद के प्रारंभिक संकेतों को पहचान कर समय रहते मदद की जा सकती है। डॉ. गुप्ता ने रैगिंग को मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि सीनियर विद्यार्थियों द्वारा डाला जाने वाला दबाव जूनियर्स को अवसाद की ओर ले जाता है। कार्य परिषद सदस्य एवं शिक्षाविद् डॉ. वरुण गुप्ता ने सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम विभाग

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ संभागीय रेलवे प्रबन्धक (S&T), पश्चिमी रेलवे, रतलाम, निविदा संख्या: SnT_RTM_26_13_SIGNAL दिनांक: 25.05.2026 आमंत्रित करता है। कार्यस्य नाम : बङ्गरोड-स्थानके रेखा-4 तथा 7-विस्तारार्थं एसएण्डटी-कार्यस्य प्रावधानस्य सन्दर्भे संकेतसामग्रीणां आपूर्तिः, स्थापना, परीक्षणं, चालूकरणं च। कार्यस्य अनुमानितव्ययः : रु. ६२,४३,००६.४४ इति। गम्भीरधननिक्षेपः रु. १,२४,९००/- । निविदा समापन तिथि समय तथा तिथि : 16.06.2026 १५:०० वादनपर्यन्तं समयः। निविदा उद्घाटनसमयः तिथिः च 16.06.2026 15:30 वादनानन्तरं। समाप्ति अवधिः 09 मासाः। निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी एवं बोली उद्घाटन स्थल : वरिष्ठ डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा केवलं ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल् www.ireps.gov.in इत्यत्र एव द्रष्टुं प्रस्तूय च कर्तुं शक्यते।

स्पैन/६/१/७५

अस्माकं इव : १. facebook.com/WesternRly

# सिंहस्थ से पहले उज्जैन के 100 चौराहे हाईटेक होंगे, सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज, चौराहों की कैमरों से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए शहर के 100 प्रमुख चौराहों का विकास और आधुनिकीकरण किया जाएगा। इन चौराहों को हाईटेक तकनीक से लैस किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट को बेहतर बनाया जा सकेगा।

उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों के तहत शहर में सड़कों के विस्तार के साथ-साथ चौराहों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के 100 से अधिक चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां आधुनिक डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। सभी चौराहों



पर लेफ्ट टर्न और यू-टर्न की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारु बना रहे।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई प्रमुख सड़कों को छह लेन और चार लेन में विकसित किया जा रहा है। शहर के भीतर 60 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से चौराहों का विकास शुरू किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन भी तैयार कर ली गई है।

### कैमरों से होगी निगरानी, कंट्रोल रूम से होगा संचालन

कलेक्टर रौशन सिंह के अनुसार सभी विकसित चौराहों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जाएगा। चौराहों पर लगाए जाने वाले कैमरों और ट्रैफिक सिग्नलों की लाइव फीड एक केंद्रीय कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। इससे किसी भी स्थान पर भीड़ बढ़ने या ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

### प्रभावी मॉनिटरिंग हो सकेगी

प्रशासन का दावा है कि हाईटेक चौराहों के माध्यम से पूरे शहर की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव होगी। आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात प्रबंधन अधिक सुगम बनेगा और सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया जा सकेगा।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आरडी गार्डी के विशेषज्ञों ने दी चेतावनी, उज्जैन में कैंसर के विश्व स्तरीय उपचार की सुविधा**

# तंबाकू से होते हैं 40 प्रतिशत कैंसर, एक सिगरेट पीने से 20 मिनट कम हो जाती है उम्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारत में कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू है, जो 40 प्रतिशत से अधिक कैंसर के लिए जिम्मेदार है। एक सिगरेट पीने से इंसान की उम्र 20 मिनट कम हो जाती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित उज्जैन कैंसर सेंटर के ऑन्कोलॉजी विभाग के अध्यक्ष और वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेंढारकर ने यह चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि केवल जन जागरूकता और तंबाकू छोड़कर ही कैंसर की घटनाओं को 40 से 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

डॉ. पेंढारकर ने बताया कि देश में लगभग 35 प्रतिशत (करीब 50 करोड़) आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती है। इसमें चबाने वाले तंबाकू का चलन सर्वाधिक है। 15 से 24 आयु वर्ग के 12 प्रतिशत युवा इसकी चपेट में हैं। भारत मुख कैंसर की विश्व राजधानी बन चुका है और इसके 50 प्रतिशत से अधिक मामलों का कारण तंबाकू ही है। पुरुषों में होने वाला फेफड़ों का कैंसर भी मुख्य रूप से इसी वजह से होता है। तंबाकू में 7000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें 70 कैंसर कारक (कार्सिनोजेन) हैं। इसका एक कश शरीर में 70 प्रकार के जहर घोलता है। इसमें मौजूद निकोटीन अत्यधिक लत लगाने वाला है, जो हृदय गति और रक्तचाप बढ़ाकर रक्त वाहिकाओं में रुकावट पैदा करता है।

**बीमारियों पर भारी खर्च और निष्क्रिय धूम्रपान का खतरा**

तंबाकू दिल का दौरा, लकवा, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का कारण है। तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रत्यक्ष उपचार पर जीडीपी का 1 प्रतिशत से अधिक और कुल स्वास्थ्य व्यय का 5.3 प्रतिशत हिस्सा खर्च होता है। सरकार को तंबाकू से राजस्व के रूप में मिलने वाले प्रत्येक 100 रुपये के मुकाबले इसके दुष्प्रभावों के इलाज पर 816 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसके अलावा, निष्क्रिय धूम्रपान भी उतना ही खतरनाक है, जिससे विश्व स्तर पर सालाना 16 लाख मौतें होती हैं। डॉ. पेंढारकर के अनुसार, खराब जीवनशैली और तंबाकू के कारण युवाओं की अकाल मृत्यु हो रही है। लंबे समय से सेवन करने वाले भी यदि इसे छोड़ दें, तो वे अपनी उम्र में 10 साल तक जोड़ सकते हैं। तंबाकू छोड़ने के लिए क्लिनिक की मदद ली जा सकती है, लेकिन इसके लिए व्यक्तिगत दृढ़ संकल्प ही सबसे कारगर उपाय है।

# कार्य विस्तार के लिए हुई पदाधिकारियों की नियुक्ति, वरिष्ठों ने दिया मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संगठन के कार्य विस्तार के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में विभागीय समितियों का गठन किया है। संघ की बैठक में नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें संगठन की रीति-नीति के अनुसार कार्य करने का मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य विभागीय समिति में विकास राजपूत को संयोजक तथा मिथिलेश शर्मा व दिलीप बोटके को सह-संयोजक बनाया गया है। इसी तरह नर्सिंग कैडर में डॉ. निहारिका श्रीवास्तव संयोजक व योगेश शर्मा सह-संयोजक, कलेक्टर कार्यालय समिति में महेश नागर संयोजक व अश्विन पांड्या सह-संयोजक, जिला पंचायत में पंकज तिलवणकर सह-संयोजक, वाणिज्य कर विभाग में अभिलेख त्यागी संयोजक व हिमांशु नागर सह-संयोजक तथा पीएचई विभाग में मोहन विश्वकर्मा को संयोजक मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव राम सिंह बनिहार, संगठन मंत्री चंद्रकांत फटाले, रमेश श्रीवैर्या और संभागीय कोषाध्यक्ष परशुराम कपाड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया।

नवीन पदाधिकारियों के मनोनयन पर जिला सह-सचिव बजरंग सिंह तोमर, राजीव सिंह सेंगर, राजेश चौहान, सत्यप्रकाश अहिरवार, महेश धनालिया, जिला प्रवक्ता राकेश पाठक, अशोक मालवीय, मधुसूदन त्रिवेदी, राजाराम कच्छावा और रंजीत परमार आदि पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 100 लोगों की जांच कर ओरल कैंसर के प्रति किया सचेत

## आईडीए के चिकित्सकों ने किया निशुल्क दंत व मुख परीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन







विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए उज्जैन शाखा ने 30 मई को संजीवनी अस्पताल में निशुल्क दंत एवं मुख परीक्षण व ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। यह जन-जागरूकता शिविर आईडीए अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

शिविर में शहर के वरिष्ठ दंत चिकित्सकों ने तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वाले करीब 100 लोगों की मुख जांच की। इस दौरान मरीजों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर रोगों, विशेषकर ओरल कैंसर के प्रति सचेत किया गया। चिकित्सकों ने तंबाकू की लत छोड़ने के कारगर उपाय बताते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को तंबाकू के नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते ओरल कैंसर की पहचान कर इसकी रोकथाम को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर आईडीए उज्जैन शाखा के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल, डॉ. तुषार बंसल, डॉ. दिनेश इंडेरिया, डॉ. प्रिंस कुशवाहा, डॉ. जतिन चावड़ा और डॉ. शुभम करोड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### अल्प प्रवास पर उज्जैन पहुंचे हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह

उज्जैन। हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह अपने अल्प प्रवास के दौरान उज्जैन पहुंचे। यहां मध्य प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष चंदू यादव और उपकेश्वर ग्रुप के संरक्षक विनोद यादव की अगुवाई में उनका साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उज्जैन पधारे पूर्व विधायक बहादुर सिंह यादव, महेश, संदीप और प्रोफेसर सतपाल यादव का भी स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने सम्मान किया।

अतिथियों के स्वागत समारोह में सूचना का अधिकार विभाग के जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव, खेल प्रकोष्ठ के उज्जैन जिला अध्यक्ष शुभम यादव, नंदकिशोर यादव और भेरु लाल यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही नरेंद्र यादव, दिनेश यादव, मनोज यादव, करण यादव, सौरभ यादव, कनिष्क यादव, कान्हा यादव, शेर खान, अरमान खान, कार्तिक गुरु, जीशान गौरी, सूर्य गहलोत, उपेंद्र यादव, विशाल प्रजापत, यश यादव, आदित्य यादव और क्रिश यादव ने भी अतिथियों का सत्कार किया।

### एनसीसी कैडेट्स का 07 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन,।** जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत जिले में संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 800 आपदा मित्र प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आपदा मित्र योजना का तृतीय सत्र विगत 19 मई से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में दस एमपी एनसीसी बटालियन के 300 कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विनीत कुमार के मार्गदर्शन में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 07 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस प्रशिक्षण में आपदा मित्रों को बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं मेडिकल इमरजेंसी सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के तरीके कैडेट्स को एनडीआरएफ टीम एवं अन्य कुशल प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किए गए। जिला सेनानी होमगार्ड ने बताया जिले में कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किया जा रहे हैं। यह आपदा मित्र प्रशिक्षण उपरांत विभिन्न पर्व एवं त्योहारों पर महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन करेंगे। साथ ही युवा आपदा मित्र आगामी सिंहस्थ 2028 में घाट सुरक्षा सहित क्राउड मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन कर सिंहस्थ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### दर्शन अनुमति पत्र नवीनीकृत करने की मांग

उज्जैन। एनआरआई सहित अन्य दानदाताओं को महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा महाकाल मंदिर में दर्शन अनुमति पत्र जारी किए जाते हैं। लंबे समय से दानदाताओं को अनुमति पत्र के नवीनीकरण नहीं हो पा रहे हैं। उन्हें दर्शन करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाई गई

**उज्जैन।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश में चल रही भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश अब 01 मई 2026 से 07 जून 2026 तक रहेगा। यह अवकाश केवल शिक्षकों के लिए लागू है। शेष अवकाश जैसे दशहरा, दीपावली एवं शीतकालीन अवकाश पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही रहेंगे। शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवधि में जनगणना एवं बोर्ड परीक्षाओं संबंधी कार्य कर रहे थे। उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह संशोधन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रभावी है।

## खबर एक नजर...

### काव्या राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में करेंगी म.प्र. का प्रतिनिधित्व

**मन्दसौर।** काव्या मुकेश जैन ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही हाल ही में इंदौर में आयोजित राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। अब इंदौर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित होकर एक बार फिर राज्य का गौरव बढ़ाने जा रही हैं। काव्या की इस उपलब्धि पर भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत के नेतृत्व में श्याम नगर विकास समिति के संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया, सचिव सुरेशचंद्र पंवार, पूर्व पार्षद बाबा पचोली, वार्ड पार्षद दीपक गाजवा, मण्डल महामंत्री बंशी राठौर, हर्षवर्धन पाटिल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**मन्दसौर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंदसौर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन ने उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। समाज में तंबाकू मुक्ति का संदेश देने के लिए उपस्थित लोगों द्वारा एक भव्य मानव श्रृंखला भी बनाई गई। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया और एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीएमएचओ डॉ. जी.एस. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 25 से 31 मई तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला अस्पताल में स्थित तंबाकू त्याग केंद्र (टीसीसी) पर नागरिकों को तंबाकू छोड़ने के लिए निःशुल्क परामर्श और आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

### व्यावसायिक शिक्षा के तहत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग का समापन

**मन्दसौर।** शा.क.उ.मा.वि. मल्हारगढ़ में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी और हेल्थकेयर ट्रेड की छात्राओं के लिए आयोजित 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) कार्यक्रम का समापन हो गया। इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर वास्तविक कार्यस्थल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनमें रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करना था। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सदाशिव पंड्या ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

**म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद के तत्वावधान में**

# रतलाम में 20 सितम्बर को होगा नागर ब्राह्मण समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम**



नागर ब्राह्मण समाज का राष्ट्र व्यापी स्तर पर अपनी विशेष पहचान एवं महत्वता को कायम रखना जहां गर्व की बात है वहीं निरंतर नवाचार एवं आयोजनों को नये आयाम प्रदान कर नागर ब्राह्मण समाज एवं देश हित के कार्यो को गति दी जा रही है। इसी क्रम में रतलाम में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक भव्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस बाबत नागर समाज की युवा टीम द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

अखिल भारतीय स्तर के इस आयोजन में सम्मिलित होने हेतु बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा दिखाई गई अभिरुचि उत्साह जनक होकर अच्छे प्रतिसाद को संभव करती है। म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद की रतलाम शाखा द्वारा एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन 20 सितम्बर 2026 रविवार को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे के मध्य किया जायेगा। इसमें युवक-युवतियों का प्रत्यक्ष परिचय चयन हेतु परामर्श, ज्योतिष सुविधा, समाज जनों का समागम और भोजन प्रसादी की सुविधा जनक व्यवस्था की जायेगी।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद अध्यक्ष पं. जितेन्द्र रावल, सचिव संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष निर्मल व्यास बबलू ने बताया कि 200 रुपये पंजीयन शुल्क के साथ प्रविष्ठि की अंतिम तारीख 01 सितम्बर 2026 निश्चित की गई है। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इन्होंने कहा कि बच्चों के रिश्तों के लिये अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रतलाम का यह आयोजन एक सुनहरा अवसर है तथा भाग लेने वालों की संख्या के मान से समुचित स्थान का प्रबंध किया जावेगा। इस अवसर पर युवक-युवतियों से संबंधित परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये रतलाम नागर समाज की युवा टीम सर्वश्री महेश रावल, हेमन्त भट्ट, विकास नागर, कमलेश भट्ट, मुकेश मेहता, गोपाल मेहता, जितेन्द्र नागर, आशीष नागर, मनीष रावल, रितेश मंडलोई एवं महिला अध्यक्ष मीनाक्षी रावल सहित नारी शक्ति का विशेष योगदान रहेगा।

### डिप्टी सीएम का किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश शासन के डिप्टी सीएम एवं मल्हारगढ़ विधानसभा विधायक श्री जगदीश देवड़ा द्वारा 29 मई शुक्रवार को पिपलिया मंडी टीला खेड़ा शमशान घाट से सांवलिया मंदिर बरखेड़ा पंथ रोड के लिए 2 करोड़ 93 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह माचूपुरिया मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया का टीलाखेड़ा ग्राम वासी एवं सांवलिया मंदिर के सभी सदस्य एवं वार्ड टीलाखेड़ा के पार्षद बलराम सोलंकी भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने आभार ज्ञापित

### भाजपा जिला नीमच की बैठक आज

नीमच। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक आवश्यक बैठक आज 31 मई रविवार को दोपहर 4 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तपोभूमि पर आयोजित की जा रही है। बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा उपस्थित थे।

### स्वच्छ व निर्भीक पत्रकारिता के धनी है तेलकार- श्री शर्मा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलीयामंडी**

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शनिवार को प्रातः 10 बजे कांग्रेसजनों ने नगर के वरिष्ठ पत्रकार रमेश जी तेलकार का साफा,श्रीफल,पुष्पमाला पहनाकर एवं कलम भेंट कर उनका सम्मान की। इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि 74 वर्षीय तेलकार का जीवन संघर्ष,कड़ी मेहनत, ईमानदारी, और आत्मविश्वास से आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनी हुई है,तेलकार ने पंद्रह वर्ष की उम्र में शुरू किया था अखबार वितरण का कार्य उस समय नवभारत समाचार पत्र की एजेंसी नारायणगढ़ निवासी शरदचंद्र वर्मा के नाम से संचालित थी।करीब छह दशक से पत्रकारिता के साथ ही समाचार पत्र भी खुद ही घर घर व दुकान दुकान पर जाकर वितरण करना तेलकार ने अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव भी देखे लेकिन अपनी पत्रकारिता को कभी कलंकित नही होने दिया।शर्मा ने कहा कि 1970 से तेलकार ने पत्रकारिता की शुरूआत की उस समय संसाधननो का अत्यन्त अभाव था।

# मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज का मंगल प्रवेश 7 जून को

## जयकुमार बड़जात्या बने प्रवास समिति के प्रभारी अध्यक्ष



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर**

अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ससंघ का विहार मंदसौर की ओर निरंतर चल रहा है। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी व आचार्य श्री समयसागरजी महाराज के परमशिष्य मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज का लगभग ग्यारह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः मंदसौर की धरा पर आगमन होने जा रहा है, जिससे सकल दिगम्बर जैन समाज में भारी हर्ष और उत्साह का माहौल है। डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया कि मुनिश्री वर्तमान में अल्प प्रवास पर मनासा में विराजमान हैं और 1 जून को वहाँ से पद विहार करके 7 जून को मंदसौर शहर में उनका मंगल प्रवेश संभावित है।

मुनिसंघ के प्रवास काल के दौरान मंदसौर में कई भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा बनाई जा रही है। जिसको लेकर तारबंगला मंदिर पर जैन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से जयकुमार बड़जात्या को प्रवास समिति का प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया और विभिन्न समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में चिनमय कियावत ने 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले च्अर्हं स्वात्म साधना शिविरज् और नेमकुमार गांधी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले योग कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। बैठक का संचालन राकेश दोशी ने किया तथा आभार सकल दिगम्बर जैन समाज के महामंत्री संजय कोठारी ने व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक भाजपा का विशेष अभियान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केन्द्र सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक विशेष अभियान चलायेगी। इसमें एक पेड़ माँ के नाम , वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन विशेष जनसम्पर्क , योग दिवस कार्यक्रम होगे। शनिवार को उजाला पैलेस मे भाजपा की जिला कामकाजी बैठक मे आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पार्टी पदाधिकारीयों की समितियों का गठन कर उन्हे जवाब देही सुनिष्चित की गई। जिला प्रभारी विवेक जोशी ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। बैठक के आरंभ मे भाजपा के पितृपुरूषो एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मोदी जी की सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 जून का विश्व पर्यावरण दिवस मनेगा इसमें एक पेड माँ के नाम अभियान चलेगा। 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान मे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता प्रगति पथ यात्रा और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन होगे। इनमे मंत्री, सांसद एवं पार्टी पदाधिकारियों शामिल होगे। 11-12 जून को मीडिया संवाद , 12 को जनकल्याण शिविर,15 जून को सभागार बैठके, 19-20 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाए एवं 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम होगे।

# रतनगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच**

जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतनगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 3 किलो अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत, रतलाम रेंज डीआईजी के निर्देशन तथा नीमच पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत रतनगढ़ थाना पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों पर नजर रख रही थी।

पुलिस के अनुसार 29 मई को रतनगढ़ घाट के ऊपर नीमच-सिंगोली मार्ग स्थित नटखट बालाजी मंदिर के सामने आम रोड पर वाहन चेकिंग और नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3 किलो अवैध अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शांतिलाल पिता छोटूलाल भील (21 वर्ष) निवासी ग्राम गुजरों की मोरवन, थाना जावदा, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

3 किलो अवैध अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रुपये) एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल (कीमत करीब 7 हजार रुपये)

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अफीम की सप्लाई चेन और अन्य संभावित तस्करों के संबंध में पूछताछ एवं जांच जारी है।

### ऑपरेशन में इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में रतनगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक भूरालाल भाबर एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए नशे के खिलाफ अभियान को आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 81 वृद्धजनों की हुई विशेष जांच

**नीमच।** सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला चिकित्सालय नीमच के रेड क्रॉस सभागार में वृद्धजनों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 100 मरीजों ने पहुंचकर लाभ लिया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतुराज शर्मा, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. त्रिशान सिंह, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति पेंडारकर, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा यादव एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चौधरी ने शिविर में आए मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श व उपचार प्रदान किया।

# स्वामीनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर 1001 लीटर दुग्धाभिषेक और 1000 किलो फलों का फलोत्सव

## महाअभिषेक, राजोपचार और कथा वाचन के साथ मनेगा पर्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

सीलमपुरा स्थित 200 वर्ष प्राचीन श्री स्वामीनारायण मंदिर में रविवार 31 मई को पूर्णिमा पर्व पर भगवान लक्ष्मी नारायण देव और हरिकृष्ण महाराज का भव्य दिव्य अभिषेक और पूजन होगा।

मंदिर में 1001 लीटर दूध, विभिन्न फलों के रस, शर्करा और सुगंधित द्रव्यों से भगवान का महाअभिषेक किया जाएगा। साथ ही 51 किलो पुष्पों से विशेष राजोपचार और 1000 किलो फलों से भव्य फलोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है और देश-विदेश से आने वाले हरिभक्तों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

महंत कोठारी पी.पी. स्वामी ने बताया कि पूर्णिमा भगवान लक्ष्मी नारायण देव की विशेष आराधना का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक पूनम भरने वाले भक्तों की मनोकामनाएं भगवान पूर्ण करते हैं। श्रद्धालु शक्कर, नारियल, फल और दक्षिणा अर्पित कर सुख, समृद्धि और वैभव की कामना करेंगे। व्यासपीठ से शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी ने श्रद्धा और सत्संग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा से ही मनुष्य की इच्छा पूर्ण होती है। जिस तरह किसान बीज बोकर धैर्य से फसल की प्रतीक्षा करता है, उसी तरह भक्त को श्रद्धा और धैर्य से भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। शास्त्रों में श्रद्धा को भक्ति की जड़ कहा गया है और बिना श्रद्धा के आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं। नियमित सत्संग, शास्त्र अध्ययन और भगवान को समय देने से श्रद्धा बढ़ती है। कथा के दौरान गुणातीतानंद स्वामी के बुरहानपुर प्रवास का भी जिक्र हुआ। बताया गया कि भगवान स्वामीनारायण की आज्ञा से वे तीन माह तक बुरहानपुर रहे और सत्संग का विस्तार किया। साधु जीवन में महिलाओं से दूरी की परंपरा के बावजूद भगवान की आज्ञा मानकर उन्होंने महिलाओं के बीच सत्संग स्थापित किया। उसी परंपरा से आज बुरहानपुर में महिलाओं का स्वतंत्र सत्संग संचालित हो रहा है।

मध्यप्रदेश में स्वामीनारायण संप्रदाय का यह एकमात्र स्थान है जहां महिलाओं के लिए पृथक मंदिर स्थापित है। यह मंदिर आध्यात्मिक जीवन अपनाने वाली बहनों और वृद्ध महिलाओं को समर्पित है। यहां केवल महिलाओं को प्रवेश मिलता है और वे स्वतंत्र रूप से भक्ति, सत्संग और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेती हैं।



## नगर निगम के संसाधनों में शामिल हुई नवीन यातायात क्रेन

रतलाम। शहर की यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई नवीन यातायात क्रेन का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, यातायात एवं परिवहन समिति प्रभारी श्रीमती सपना त्रिपाठी, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया व हरी झण्डी दिखाकर कर्तव्य स्थल के लिए रवाना किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि नवीन यातायात क्रेन २० लाख की लागत से क्रय की गई है, पहले किराये की यातायात क्रेन से यातायात में बाधक बनने वाले वाहनों को उठाया जाता था। नवीन क्रेन आने से प्रतिमाह व्यय होने वाली किराये की राशि की बचत होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू होगी।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर मासिक धर्म के अनुकूल दुनिया के लिए एक जुट हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन गत दिवस 28 मई को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बड़वानी एवं सिविल सर्जन बड़वानी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के एन.सी.सी प्रभारी डॉ. एम.एस. मोरे एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी की प्राचार्य डॉ. कविता भदोरियां, चिकित्सा अधिकारी, डॉ.सोनिया सोलंकी, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राधेश्याम जमरे, डॉ. लखन गांगले, काउन्सलर सुनिता चौहान आदि ने सहभागिता दर्ज की।

डॉ. सोनिया सोलंकी चिकित्सा अधिकारी द्वारा किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना, नियमित रूप से सेनेटरी पैड बदलना, हाथों की सफाई रखना, इस्तेमाल किए गये पैड का सुरक्षित निपटान करना, माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, बीमारी नहीं तथा संतुलित आहार एवं पर्याप्त पानी के सेवन के संबंध में जानकारी दी गई तथा किशोरियां में माहवारी संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, स्वस्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूता बढाना, उन्हें स्वस्थ्य एवं सुरक्षित जीवन शैली अपनाने के लिय प्रेरित किया गया है।

सुनिता चौहान आरकेएसके काउन्सलर द्वारा माहवारी जीवन चक्र के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। किशोरियों को ना सिर्फ स्वच्छता को लेकर बल्कि माहवारी से जुडी भ्रांतियों से भी जागरूक कराया गया। माहवारी को कलंक न मानकर प्राकृतिक प्रक्रिया की तरह व्यवहार कर उससे जुडी समस्याओं को

## श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में कथा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय स्नेहनगर स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर पर गत दिनों 6 से 9 मई तक आयोजित हुए पांच कुंडात्मक यज्ञ, भव्य शिखर स्वर्ण कलश आरोहण प्रतिष्ठा महोत्सव और विशाल भंडारे के निर्विघ्न संपन्न होने की खुशी में आज 31 मई सायं 7.30 बजे से संगीतमय श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें गाँव अमलावद के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. सत्यनारायण शर्मा अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे। किरण शर्मा ने बताया कि कथा में आने वाले सभी भक्तों के स्वागत-सत्कार के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसके तहत श्रद्धालुओं को शीतल ठंडाई पिलाई जाएगी और शुद्ध देशी घी से बना मोहन भोग महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

## अहिल्याबाई जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह

मन्दसौर। धनगर गायरी समाज जिला मंदसौर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती आज रविवार को स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस दौरान समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी होगा। धनगर गायरी समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ धनगर ने बताया कि इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन और वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। समाज के 120 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## राठौर समाज की बैठक संपन्न नई कार्यकारिणी गठन पर हुआ मंथन

**खंडवा।** राठौर समाज की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष दीपक राठौर एवं सचिव महेश राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रारंभ में समाज के सभी सदस्यों के सहयोग, सहभागिता एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया गया। समाज के अमित राठौर ने बताया कि बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से वीर दुगार्दास राठौर जयंती को इस वर्ष भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर समाजजनों ने अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय करने पर भी सहमति बनी। समाजसेवी सुनील जैन नई टीम को बधाई देते हुए बताया कि इस दौरान समाज की नई युवा कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। समाजहित में कार्य करने वाले सक्रिय एवं जिम्मेदार युवाओं को संगठन में अवसर देने तथा नई ऊर्जा के साथ समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।बैठक में सामाजिक गतिविधियों को गति देने, युवाओं को समाज से जोड़ने तथा आपसी समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर समाज की परंपरा, गौरव और संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही।

# कथक नृत्य समारोह जैसे कार्यक्रम बार- बार होना चाहिए- सांसद पटेल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बडवानी

विगत रात्रि में संपन्न हुवे कथक नृत्य समारोह की प्रशंसा करते हुवे सभी अतिथियो ने कहा बालिकाओं का कथक नृत्य अदभुत था,केवल पांच दिनों की कार्यशाला में सिख कर सुंदर नृत्य से बालिकाओं ने दर्शकों के मन को मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने व्यस्त कार्यक्रम होने से मोबाइल से अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के विशेष अथिति के रूप में पूर्व मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, विधायक श्री राजन मंडलोई, पुलिस अधीक्षक श्री पदम विलोचन शुक्ल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्री करण सिंह दरबार, डॉ रश्मि पाटीदार ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कथक नृत्य का भव्य शुभारंभ किया।

समारोह में अंतर्राष्ट्रीय कथक कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं का शिल्ड भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 12वी तथा कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान बनाने वाली बालिका ओमामा मंसूरी तथा महक गोले का सम्मान भी अतिथियों द्वारा मंच पर किया गया। इसके बाद नन्ही - नन्हीं बालिकाओं द्वारा जब मंच पर पहली प्रस्तुति प्रारंभ की तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, हर कोई बोल उठा वाह क्या नृत्य किया है, केवल पांच दिनों की कार्यशाला में गोरी देशमुख ने अपने प्रशिक्षण से जैसे उनके पैरों में जान डाल दी हो।

# जनपद पंचायत खण्डवा में विधायक कंचन तनवे ने ली समीक्षा बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

हमारी केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा जनता के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन को योजनाओं का लाभ पहुंचा जा रहा है। चल रहे विकास कार्य गुणवत्ता अच्छी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में हो ताकि इसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिल सके। यह बात खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंवे ने पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहीं। विधायक कंचन तनवे ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर चल रहा है ऐसे समय प्रत्येक गांव पर अधिकारी नजर रखें की कोई जल की समस्या तो नहीं है,यदि गांव में जल की समस्या हो तो उसका तुरंत निराकरण करें। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कोई हितग्राही वंचित रह गया है तो उसका लाभ उसे दिलाने में सहयोग प्रदान करे। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जनपद पंचायत खण्डवा में शुक्रवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे के मुख्य अथित्य में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क ॥श्व), कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग (क्कङ्घष्ठ) सहित अन्य विभागों की प्रगति पर चर्चा की गई। विधायक श्रीमती तन्वे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## किसानों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाएगा

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में एवं भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम 31 मई रविवार को सुबह 11 बजे नीमच जिले में प्रत्येक पंचायत पर, बूथ पर 100 से अधिक गांवो में किसानों के साथ सुना और देखा जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार यह वर्ष यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में नवाचार , अनुसंधान,के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा दी गई।

## कांग्रेस में नया जोश फूंकने नीमच आ रहे हैं जीतू पटवारी व दिग्गज नेता

नीमच। संगठन को जमीनी स्तर पर नई मजबूती और ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी २ और ३ जून को नीमच जिला कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित होने जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आवासीय शिविर के माध्यम से पार्टी के मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष को संगठन की रीति-नीति और आगामी कार्ययोजनाओं से रूबरू कराया जाएगा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया की इस ऐतिहासिक और रणनीतिक प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, प्रदेश संगठन मंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष और वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। ये सभी राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक मार्गदर्शक अलग-अलग सत्रों में उपस्थित रहकर कार्यकताओं को संबोधित करेंगे



# जैकलीन फर्नांडिस पर पीएमएलए केस में आरोप तय होंगे

**कोर्ट बोला- पर्याप्त सबूत, सुकेश-लीना समेत 17 लोगों पर चार्ज फ्रेम होंगे**


200 करोड़ रुपए की कथित उगाही और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा कि आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है। कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर, लीना मारिया पॉल, जैकलीन फर्नांडिस समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में चार्ज फ्रेम करने का आदेश दिया है।

एएनआई के मुताबिक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत संदेह बनता है। इसलिए उनके खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत आरोप तय किए जाने चाहिए, जिसकी सजा धारा 4 में निर्धारित है। कोर्ट ने आरोपों पर औपचारिक हस्ताक्षर के लिए मामले को 3 जून को सूचीबद्ध किया है। सभी आरोपियों को दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला व्यवसायी अदिति सिंह से कथित 200 करोड़ रुपए की उगाही से जुड़ा है। दिल्ली पुलिस ने उनकी शिकायत पर केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू कर चार्जशीट दाखिल की। सुकेश चंद्रशेखर और लीना मारिया पॉल के खिलाफ इसी मामले में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट के तहत भी आरोप तय करने का आदेश दिया गया है। हालांकि जैकलीन फर्नांडिस उगाही के मूल मामले में आरोपी नहीं हैं, लेकिन एऊजांच में नाम आने के बाद उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाया गया था। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट जैकलीन की वह याचिका खारिज कर चुका है, जिसमें उन्होंने ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट रद्द करने की मांग की थी।

**एआई फोटो में घुटनों पर बैठे दिखाने पर भड़कीं उर्वशी**

# यह टॉक्सिसिटी बंद करें

**फोटो में फीमेल एक्टर्स के आगे झुकते दिखाया गया**




बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर अभिनेत्रियों के बीच होने वाली तुलना और फैन वॉर पर नाराजगी जताई है। एक फैन ने एआई की मदद से एक फोटो बनाई थी, जिसमें उर्वशी सहित ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के स्टारडम की तुलना की गई थी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्वशी ने इसे टॉक्सिक बताया और कहा कि हर एक्ट्रेस का अपना सफर होता है। उर्वशी इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस में हैं, जहां वे लगातार पांचवीं बार भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

फोटो में फीमेल स्टार्स को नीचे झुकते दिखाया गया इंटरनेट पर एआई फोटो वायरल हो रही थी। इस फोटो में ऐश्वर्या राय को ग्लोबल स्टारडम के टॉप पर दिखाया गया था। वहीं प्रियंका चोपड़ा एक सिंहासन पर बैठी थीं और उनके पास दीपिका पादुकोण व माधुरी दीक्षित खड़ी थीं। फोटो में आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, करीना कपूर और उर्वशी रौतेला को उनके नीचे घुटनों के बल बैठा दिखाया गया था। इस फोटो में सभी अभिनेत्रियों के नाम भी टैग किए गए थे। अभिनेत्रियों को इस तरह कमतर दिखाए जाने पर उर्वशी ने कड़ा रुख अपनाया है। कहा- महिलाओं की तुलना से सिर्फ नेगेटिविटी फैलती है उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर इस फोटो को शेयर करते हुए लिखा, 'मेरा मानना है कि हर एक्ट्रेस का अपना एक अलग सफर, कड़ी मेहनत और किस्मत होती है। महिलाओं की आपस में तुलना करने या फैन वॉर कराने से सिर्फ नेगेटिविटी फैलती है।

इसकी जगह हमें टैलेंट, ग्रोथ और दयालुता का सम्मान करना चाहिए। कृपया इस तरह की टॉक्सिसिटी को बंद करें।' एक्ट्रेस ने फैंस से इस तरह की पोस्ट न बनाने और सभी कलाकारों के काम की सराहना करने की अपील की है। कांस के रेड कारपेट पर उर्वशी का पांचवां साल उर्वशी रौतेला कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपने लुक को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्होंने इस बार रेड कारपेट पर योलांड ऑफिशियल लेबल का ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था, जिसमें वी-नेकलाइन बनी हुई थी। इसके अलावा वे वियतनामी डिजाइनर लेबल जोलीपोली कूटर के लैवेंडर शेड वाले गाउन में भी नजर आईं।

रेड कारपेट पर मीडिया प्लेटफॉर्म ब्रूट से बात करते हुए उर्वशी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, 'जब भी मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करती हूं, तो मैं सिर्फ उर्वशी नहीं रह जाती, बल्कि मैं इंडिया बन जाती हूं। यह लगातार मेरा पांचवां साल है और मुझे इस बात पर गर्व है।' ऐश्वर्या, दीपिका और आलिया भी रही हैं कांस का हिस्सा कांस फिल्म फेस्टिवल में भारत की ओर से कई बड़ी अभिनेत्रियां शामिल होती रही हैं। ऐश्वर्या राय पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से इस फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं। वे साल 2003 से लोरियल पेरिस की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर के रूप में रेड कारपेट पर चल रही हैं और इस साल भी वे वहां नजर आईं।






# बॉबी देओल ने वैभव सूर्यवंशी को दी सलाह

**बोले- जब कोई अच्छा खेलता है, तो जलन भी होने लगती है, लोगों पर ध्यान न दें**

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की है। बॉबी देओल ने कहा कि वैभव एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी टैलेंट हैं और भगवान उन्हें बुरी नजर से बचाए।

न्यूज18 को दिए इंटरव्यू में जब उनसे वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'वह एक फिनॉमिनन हैं। जब कोई इतना अच्छा खेलता है तो हर कोई उसे देखने लगता है। जलन भी होती है। कभी-कभी अपनों की नजर लग जाती है।'

वैभव को सलाह देते हुए बॉबी ने कहा, 'मैं यही चाहता हूं कि वह जिस तरह खेल रहे हैं, वैसे ही खेलते रहें। ज्यादा न सोचे कि लोग मेरे बारे में क्या कहते हैं।' बॉबी ने कहा कि उन्हें वैभव के 97 रन पर आउट होने का दुख हुआ था। उन्होंने बताया कि वह मैच अपने फोन पर देख रहे थे। एक्टर ने यह भी कहा कि वह आईपीएल के पहले सीजन से ही राजस्थान रॉयल्स के सपोर्टर रहे हैं, क्योंकि वह शेन वॉर्न के बहुत बड़े फैन थे।

**अमिताभ बच्चन हुए वैभव सूर्यवंशी के फैन-** अमिताभ बच्चन भी वैभव सूर्यवंशी के फैन हो गए हैं। उन्होंने पर वैभव की तारीफ करते हुए लिखा- 15 साल की उम्र का अद्भुत सूर्या। इस उम्र में तो हम बंटों और गुल्ली-डंडा भी ठीक से नहीं खेल पा रहे थे।

**वैभव आईपीएल में सबसे कम गेंद पर हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने-** सूर्यवंशी ने शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए। वे आईपीएल में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थीं। सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए। इसके साथ ही वह एक आईपीएल सीजन के पावरप्ले में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन में पावरप्ले में 233.63 के स्ट्राइक रेट से 521 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।


**हिंदू लड़की से शादी के बाद ट्रोल हुए थे मुदस्सर : कोरियोग्राफर बोले-**

# सोशल मीडिया पर मुझे अक्सर कमेंट्स में जिहादी कहा जाता है

कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने हाल ही में इंटरफेथ मैरिज और ट्रोलिंग को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि हिंदू लड़की रिया किशनचंदानी से शादी के बाद उन्हें और उनकी पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि ऐसे लोगों को वह ज्यादा महत्व नहीं देते।

फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में मुदस्सर खान ने कहा, अगर कोई गाली देता है या खराब बातें करता है, तो मैं उसे सीधे ब्लॉक कर देता हूं। ऐसे लोगों को भाव देने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई लोग सिर्फ दूसरों को परेशान करने के लिए आते हैं। उनके मुताबिक, ऐसे लोग फेक अकाउंट बनाकर गालियां देते हैं और दूसरों का मूड खराब करने की कोशिश करते हैं।





**रिया को ट्रोल्स को नजरअंदाज करना सिखाया-** मुदस्सर ने बताया कि शुरुआत में उनकी पत्नी रिया भी इन कमेंट्स से परेशान हो जाती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने उन्हें समझाया कि ऐसे लोगों को नजरअंदाज करना ही सबसे सही तरीका है। इसके बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर लोगों को फिल्टर करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, 'जब शादी हो जाती है, तो धीरे-धीरे लोगों की बातें अपने आप कम होने लगती हैं। पहले लोग लगातार कमेंट करते हैं, लेकिन बाद में खुद ही शांत हो जाते हैं।'

**'मुझे अक्सर जिहादी वाले कमेंट मिलते हैं'- मुदस्सर-** कोरियोग्राफर ने कहा, 'मुझे अक्सर जिहादी वाले कमेंट मिलते हैं। हमेशा, अगर मैं पोस्ट कर रहा हूं तो मुझे भी आमतौर पर मिलते हैं, तो मुझे लगता है कि ये लोग वो हैं, जो छोटी बिल्डिंगों में, चार माले की बिल्डिंगों में दीवार के कोने में पान थूकते हैं, वो लाल हो जाता है न, तो ये वो लोग हैं जिनकी कोई वैल्यू नहीं है। एक दिन साफ होने वाले हैं।' मुदस्सर ने यह भी कहा कि वह इन बातों को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा, मैं ऐसे लोगों को बिल्कुल महत्व नहीं देता। मेरी जिंदगी में इससे कहीं ज्यादा बड़े काम हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों और देश के लिए अच्छा काम करना चाहता हूं। मैं जिंदगी में कुछ बड़ा बनाना और क्रिएट करना चाहता हूं। इसलिए छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देता।

**साल 2023 में मुदस्सर की शादी हुई थी-** मुदस्सर खान और रिया किशनचंदानी ने साल 2023 में शादी की थी। उनकी शादी में सलमान खान भी शामिल हुए थे। मुदस्सर लंबे समय से सलमान के साथ काम कर रहे हैं और उन्होंने 'दबंग', 'बॉडीगार्ड' और 'रेडी' जैसी सलमान की कई फिल्मों के गानों को कोरियोग्राफ किया है।

### दोनों टीम के पास दूसरा टाइटल जीतने का मौका, सीजन में कोहली 600 और गिल 722 रन बना चुके

# आईपीएल फाइनल में आज बेंगलुरु-गुजरात

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

आईपीएल 2026 का फाइनल आज डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच अहमदाबाद में खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोनों टीमों के पास दूसरी बार टाइटल जीतने का मौका है। बेंगलुरु ने पिछले साल पहला खिताब जीता था, जबकि गुजरात 2022 में अपने पहले सीजन में चैंपियन बनी थी।

पिछले 8 फाइनल क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने जीतेपिछले 8 फाइनल क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने ही जीते हैं। वहीं, 2016 के बाद के सभी फाइनल मैच क्वालिफायर-1 खेलने वाली टीमों के बीच ही खेले गए हैं। 2016 में हैदराबाद एलिमिनेटर जीतकर चैंपियन बनी। 200+ का स्कोर यानी जीत की गारंटीपिछले 18 साल में आईपीएल फाइनल में 200+ का स्कोर चेज नहीं हुआ है, यानी कि 200+ का स्कोर यानी जीत की गारंटी है। 2008 से 2025 तक फाइनल में 4 दफा 200+ का स्कोर बना है। जो कभी चेज नहीं हुआ।

**पिछली भिड़ंत-** क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु ने गुजरात को हराया बेंगलुरु और गुजरात में पिछला मुकाबला 26 मई को धर्मशाला के मैदान पर खेला गया था। उस मुकाबले में बेंगलुरु की टीम गुजरात पर हावी रही और मुकाबले को 92 रनों से जीता था। लीग राउंड में 2 बार दोनों टीमों का सामना हुआ है। 30 अप्रैल को गुजरात ने अपने घर में 4 विकेट की जीत हासिल की। 24 अप्रैल को बेंगलुरु ने अपने होमग्राउंड पर 5 विकेट की जीत दर्ज की।

**पिछले रिकॉर्ड में बेंगलुरु एक जीत से आगे-** प्रीवियस रिकॉर्ड में बेंगलुरु की टीम एक जीत से आगे है। दोनों के बीच अब तक 9 आईपीएल मैच खेले गए हैं। इनमें से बेंगलुरु ने 5 जीते हैं, जबकि गुजरात ने 4 में जीत अपने नाम की है।





### गुजरात के टॉप-3 प्लेयर्स

- **शुभमन गिलः** क्वालिफायर-2 में राजस्थान के खिलाफ 104 रन की शतकीय पारी खेली। इस सीजन 6 हाफ सेंचुरी भी लगाई है। 15 मैचों में 722 रन बना चुके हैं।
- **साई सुदर्शनः** राजस्थान के खिलाफ 58 रन बनाए और गिल के साथ 77 गेंद पर 167 रन की शतकीय साझेदारी की। 16 मैच में 710 रन बना चुके हैं।
- **कगिसो रबाडाः** मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा 28 विकेट ले चुके हैं। राजस्थान के खिलाफ 2 विकेट झटके। इनमें वैभव सूर्यवंशी (96 रन) का विकेट शामिल था।

### बेंगलुरु के टॉप-3 प्लेयर्स

- **विराट कोहलीः** पिछले मैच में गुजरात के खिलाफ 43 रन बनाए थे। इस सीजन 600 रन बना चुके हैं। अब तक खेले 15 मैचों में एक शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं।
- **रजत पाटीदारः** क्वालिफायर-1 में गुजरात के खिलाफ नाबाद 93 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 250 पार पहुंचाया था। इस सीजन 14 मैचों में 196.76 के स्ट्राइक रेट से 486 रन बनाए थे।
- **भुवनेश्वर कुमारः** पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर हैं। 15 मैचों में 26 विकेट हासिल कर चुके हैं। गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में 2 विकेट लिए थे।

### इंजरी एंड फिटनेस

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालिफायर-2 के दौरान मोहम्मद सिराज के कंधे में परेशानी दिखी थी। उन्होंने अपना स्पेल पूरा किया, लेकिन फाइनल से पहले उनकी फिटनेस गुजरात के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

### पिच एंड वेदर रिपोर्ट

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद हैं। यहां मौजूदा सीजन में 3 बार ही 200 का स्कोर पार हुआ है। ऐसे में गुजरात के गेंदबाज होम कंडीशंस पर बेंगलुरु की बैटर्स की परीक्षा लेंगे। इस मैदान पर दोनों टीमों का पिछला रिकॉर्ड बराबरी पर है। दोनों ने एक-एक मैच जीते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-12

- **बेंगलुरुः** विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, जितेश शर्मा, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जैकब डफी, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम और रोमारियो शेफर्ड।
- **गुजरातः** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, निशांत सिंधु, जेसन होल्डर, राशिद खान, कुलवंत खेजरोलिया, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज , प्रसिद्ध कृष्णा और राहुल तेवतिया।

## सात्विक-चिराग सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के फाइनल में पहुंचे



### दुनिया की नंबर-1 जोड़ी को हराया, कोरिया के वर्ल्ड चैंपियंस को 21-19, 21-18 से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› सिंगापुर

भारत की मेंस डबल्स जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। चौथी वरीयता वाली भारतीय जोड़ी ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर-1 साउथ कोरियाई जोड़ी किम वोन हो और सियो सेउंग जे को 21-19 और 21-18 से हरा दिया।

52 मिनट तक चले मुकाबले में सात्विक और चिराग ने 21-19, 21-18 से जीत दर्ज की। यह भारतीय जोड़ी की किम और सियो के खिलाफ पहली जीत भी है। मुकाबले की शुरूआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। पहले गेम के मिड-गेम ब्रेक तक कोरियाई जोड़ी 13-11 से आगे थी। हालांकि, सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने लगातार अंक जुटाए और वापसी करते हुए पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी सात्विक और चिराग 11-14 से पीछे चल रहे थे। फिर वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-18 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अब भारतीय जोड़ी दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से रविवार को भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल इंडोनेशिया की फजार अल्फियान-मुहम्मद शोहिबुल फिकरी जोड़ी और चीन की लियांग वेई कांग-चांग वांग के बीच होगा।












भारत 2035 तक

## 150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला बनाने का लक्ष्य रखे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नीति आयोग की एक रिपोर्ट में भारत के लिए बड़ा लक्ष्य तय किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2035 तक 120-150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला स्थापित करनी चाहिए। इसमें नेतृत्व और उद्देश्य को भागीदारी से ऊपर रखना होगा।

रिपोर्ट 'भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य' में कहा गया है कि केंद्र सरकार को आवश्यक निवेश का कम से कम एक-तिहाई हिस्सा देना चाहिए। इससे परियोजनाओं के जोखिम कम होंगे और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। भारत को वैश्विक वेफर दौड़ में पीछे रहने के बजाय अपना अलग रास्ता बनाना चाहिए। यह रास्ता रणनीतिक आत्मनिर्भरता और पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती पर आधारित हो।

देश का सेमीकंडक्टर बाजार 2035 तक करीब 200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में 90-95 फीसदी मांग आयात से पूरी होती है। यह आयात महत्वपूर्ण क्षेत्रों को आपूर्ति-श्रृंखला बाधाओं के प्रति संवेदनशील बनाता है। नीति आयोग उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि विकसित भारत के लिए तकनीकी संप्रभुता आवश्यक है। सेमीकंडक्टर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा और विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों को शक्ति देते हैं। भारत में प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अगले दशक में 135-180 अरब डॉलर का निवेश चाहिए। यह निवेश डिजाइन, निर्माण, उन्नत पैकेजिंग और सामग्री में होगा। सरकार को सार्वजनिक धन के लिए फैब, उन्नत पैकेजिंग और कंपाउंड सेमीकंडक्टर को प्राथमिकता देनी चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत के वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का अभिन्न अंग बनने का इरादा दर्शाती है।

वैश्विक आपूर्ति प्रभावित, उत्पादन घटने के डर से बढ़े दाम

# बायोफ्यूल में सोयाबीन का इस्तेमाल बढ़ा






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोयाबीन और सोयामील की कीमतों में तेज उछाल से भारतीय निर्यातकों ने 25,000 टन सोयामील निर्यात सौदे रद्द कर दिए। वहीं, आपूर्ति संकट और बढ़ती मांग के चलते अफ्रीकी देशों से 80,000 टन सोयाबीन आयात किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष सोयाबीन आयात रिकॉर्ड आठ लाख टन तक पहुंच सकता है।

पिछले एक महीने में घरेलू बाजार में सोयाबीन और सोयामील की कीमतों में जो अप्रत्याशित और आक्रामक तेजी देखी गई, उसने बाजार समीकरणों को पूरी तरह से पलट दिया है। वर्ष 2021 के बाद पहली बार भारतीय निर्यातकों ने 25,000 टन सोयामील निर्यात के सौदे रद्द कर दिए हैं। यही नहीं, ऊंची मांग को देखते हुए अफ्रीकी देशों से करीब 80,000 टन सोयाबीन आयात के सौदे किए गए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि नई फसल आने तक आपूर्ति सीमित रहने के कारण इस साल कुल सोयाबीन आयात 8 लाख टन के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है।

पृथ्वी फिनमार्ट के कमोडिटी शोध प्रमुख मनोज कुमार जैन ने कहा, घरेलू मोर्चे पर सरकार, उद्योग और व्यापारियों के बीच उत्पादन के आंकड़ों को लेकर गहरा विरोधाभास बना हुआ है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में सोयाबीन उत्पादन 125.96 लाख टन रह सकता है। रही-सही कसर इस साल अल नीनो की आशंका ने पूरी कर दी है। कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से प्रमुख सोयाबीन और खाद्य तेल उत्पादक देशों ने अपने जैव ईंधन के मिश्रण की अनिवार्य सीमा को आक्रामक तरीके से बढ़ा दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि खाद्य तेलों और सोयाबीन का बड़ा हिस्सा ईंधन बनाने में खप गया और बाजार में अचानक भारी आपूर्ति का संकट पैदा हो गया।

**रद्द किए गए सोयामील निर्यात के सौदे-** सोयामील सोयाबीन से तेल निकालने के बाद बचा हुआ उत्पाद होता है। इसका इस्तेमाल पशु आहार के तौर पर होता है। घरेलू बाजार में सोयाबीन की कीमतें अचानक बढ़ने से सोयामील की कीमत 66,000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गईं।

कीमतों में करीब 200 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी के बाद निर्यात सौदे पूरे करना संभव नहीं रहा, इसलिए मई और जून की शिपमेंट वाले सौदे आपसी सहमति से रद्द कर दिए गए।

### देश में अनाज उत्पादन बढ़कर रिकॉर्ड 3765.63 लाख टन

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, देश में वर्ष 2025-26 के दौरान कुल अनाज उत्पादन 3765.63 लाख टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष के 3577.32 लाख टन से 5.3 फीसदी अधिक है। अनाज उत्पादन में यह अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1540.24 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पहले से करीब 38.40 लाख टन अधिक है।
- गेहूं का उत्पादन 1206.57 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 1179.45 लाख टन की तुलना में 27.12 लाख टन अधिक है। मक्का उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यह 550.93 लाख टन करोड़ टन अनुमानित है, जबकि पिछले वर्ष मक्के की पैदावार केवल 434.09 लाख टन थी। मोटे अनाजों का कुल उत्पादन 744.72 लाख टन रह सकता है। दलहन फसलों में अरहर (तुअर) का उत्पादन 35.92 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के लगभग बराबर है। तिलहन की पैदावार 430.59 लाख टन रही।

1 जून से प्रभावी होंगी नई दरें

## पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात नया शुल्क



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

केंद्र सरकार ने 1 जून 2026 से पेट्रोल, डीजल और विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क की नई दरें लागू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है। घरेलू खपत वाले पेट्रोल-डीजल पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क की नई दरों की घोषणा कर दी है। ये नई दरें 1 जून 2026 से अगले 15 दिनों के लिए लागू होंगी। सरकार ने यह कदम देश में पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और निर्यात को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया है।

**पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक तेल बाजार में बढ़ी अनिश्चितता-** सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (रअएऊ) और रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सेस (फ्क्व्उ) 27 मार्च 2026 से लागू किया था। उस समय पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण वैश्विक तेल बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई थी। ऐसे में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए सरकार ने निर्यात को हतोत्साहित करने का फैसला किया था।


**पहले 16 मई से लागू किया गया था शुल्क दरों में संशोधन-** वित्त मंत्रालय के अनुसार, इन शुल्कों की समीक्षा हर 15 दिन में की जाती है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की औसत कीमतों को ध्यान में रखकर नई दरें तय की जाती हैं। इससे पहले शुल्क दरों में संशोधन 16 मई 2026 से लागू किया गया था।

**एक जून से कितना लगेगा निर्यात शुल्क-** नई अधिसूचना के अनुसार, 1 जून से पेट्रोल के निर्यात पर 1.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाया जाएगा। डीजल के निर्यात पर यह शुल्क 13.5 रुपये प्रति लीटर होगा, जबकि एटीएफ के निर्यात पर 9.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क देना होगा।

स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता से खानपान में बदलाव

# भारतीय थाली में बढ़ा मोटे अनाज का रुतबा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



70 प्रतिशत परिवार नियमित रूप से किसी ने किसी रूप से मिलेट्स यानी मोटे अनाज को अपने आहार में ग्रहण कर रहे हैं। इसमें रागी, बाजरा, ज्वार सहित जौ और मक्का शामिल है। साथ ही शाम के हल्की भूख के लिए लोग मखाने, चना, कुरमुरा, भेल और मूंगफली खाना पसंद कर रहे हैं।

देश में मोटा अनाज यानी मिलेट्स जिसे श्रीअन्न भी कहा जाता है, वह अब मात्र पारंपरिक या मौसमी अनाज नहीं रह गया है। अब यह भारतीय परिवारों की थाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सर्वेक्षण कंपनी लोकल सर्कल्स की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 70 प्रतिशत परिवार नियमित रूप से किसी ने किसी रूप से मिलेट्स यानी मोटे अनाज को अपने आहार में ग्रहण कर रहे हैं। इसमें रागी, बाजरा, ज्वार सहित जौ और मक्का शामिल है। साथ ही शाम के हल्की भूख के लिए लोग मखाने, चना, कुरमुरा, भेल और मूंगफली खाना पसंद कर रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि लोग मोटा अनाज स्वाद नहीं सेहत के लिए भी अपना रहे हैं। लगभग 43 प्रतिशत लोग मानते हैं, कि वे स्वास्थ्य कारणों से मोटे अनाज खाते हैं। जबकि 30 प्रतिशत लोगों ने माना है क भोजन में विविधता आती है, वहीं 15 प्रतिशत ने धार्मिक उपवास और कुछ लोगोंने स्थानीय उपलब्धता की वजह से भी इनकों आहार में शामिल किया है।

**मोटे अनाज को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल करने पर हो विचार**

अध्ययन बतता है कि 68 प्रतिशत परिवारों ने मोटे अनाज को सरकार के सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है, जैसे चावल और गेहूं को दिया जाता है, वैसे ही एक बड़ा हिस्सा मोटे अनाजों का भी होना चाहिए। रिपोर्ट का दावा है कि यह सर्वेक्षण देश के 346 जिलों में किया गया है, जिसमें 44 हजार से अधिक लोगों की राय जानी गई। जिसमें 48 प्रतिशत परिवार रागी , 32 प्रतिशत ने ज्वार को आहार में लेने की बात मानी है, जबकि 23 प्रतिशत परिवार अभी भी मोटे अनाज को भोजन में शामिल नहीं किया है।

### लोग स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरुक हो रहे हैं

मसाला मेवा एवं किराणा एसोसिशन के अध्यक्ष योगेश गणत्रा कहते हैं, कोविड के बाद से लोग अब स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरुक हो रहे हैं। पहले की तरह अब लोग मोटे अनाज की और लौट रहे हैं। अभी तो शाम के हल्की भूख के लिए लोग मखाने, चना, कुरमुरा, भेल और मूंगफली खाना पसंद कर रहे हैं। जिसकी मांग पिछले कुछ समय बढ़ी है। कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री शंकर ठक्कर कहते हैं, देश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न को बढ़ावा देने की मुहिम कुछ वर्षों से लगातार मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने भी नागारिकों से मोटे अनाजों को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने की अपील के बाद इसकी मांग भी बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में जौ, बाजारा सहित मक्का की फसलों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कई राज्यों कई तरह की योजनाएं किसानों की लिए शुरू की है। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2023 को अंतरराष्ट्री मिलेट वर्ष घोषित किया था। भारतीय कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साल 2024-25 में 180.15 लाख टन मिलेट का उत्पाद किया था।

बोले ट्रांसपोर्ट सचिव वी उमाशंकर

# डीजल में आइसोब्यूटेन मिलाना अनिवार्य होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने बताया कि भारत 2026 में डीजल में आइसोब्यूटेन मिश्रण अनिवार्य कर सकता है। इससे ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी और सड़क क्षेत्र का कार्बन उत्सर्जन कम होगा। मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और टोल प्रणाली में भी बड़े बदलाव ला रहा है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने 29 मई 2026 को बताया कि भारत इस वर्ष डीजल में आइसोब्यूटेन का मिश्रण अनिवार्य कर सकता है। इसका उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना और सड़क क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन कम करना है। उन्होंने सीआईआई मल्टीमॉडल परिवहन और लॉजिस्टिक्स शिखर सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उमाशंकर ने कहा कि भारत पेट्रोलियम पहले से ही डीजल में आइसोब्यूटेन मिश्रण पर शोध कर रहा है। इसके परिणाम बहुत उत्साहजनक हैं। डीजल की खपत पेट्रोल से लगभग दोगुनी है। इसलिए डीजल मिश्रण का ऊर्जा सुरक्षा पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। मंत्रालय ने ई85 और ई100 वाहनों के निर्माण के लिए मसौदा अधिसूचना जारी की है। ई85 में 85 फीसदी इथेनॉल होता है, जबकि ई100 लगभग शुद्ध इथेनॉल पर चलने वाले वाहन हैं। इन वाहनों के लिए पेट्रोल पंपों पर अलग डिस्पेंसर होंगे। भारत पहले ही पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर चुका है।

मंत्रालय जल्द ही ट्रक-ट्रेलर अदला-बदली पर मसौदा अधिसूचना ला सकता है। यह इलेक्ट्रिक भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए बैटरी अदला-बदली और चार्जिंग की जरूरत को पूरा करेगा। बैटरी अदला-बदली के लिए कई स्थानों पर बुनियादी ढांचा चाहिए। चार्जिंग में काफी समय लगता है, जिससे ट्रक निष्क्रिय रह सकता है। ट्रैक्टर-ट्रेलर अदला-बदली से इस समस्या का समाधान होगा।

## मोदी के मन की बात का 134वां एपिसोड, पेट्रोल-डीजल के रेट और महंगाई पर बोल सकते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम से देश को संबोधित करेंगे। ये रेडियो कार्यक्रम का 134वां एपिसोड होगा। इस दौरान पीएम मोदी विश्व तंबाकू निषेध दिवस, ईरान-इजराइल जंग, पेट्रोल-डीजल के रेट में बढ़ोत्तरी और बढ़ती महंगाई पर बता कर सकते हैं।

मन की बात के 133वें एपिसोड में पीएम मोदी ने जनगणना का जिक्र किया था। पीएम ने कहा- जनगणना का अभियान दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। जो साथी पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है।

पीएम ने कहा- जिन राज्यों में स्व-गणना का काम पूरा हो गया है, वहां घरों की लिस्टिंग का काम जारी है। अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों के मकान की लिस्टिंग का काम पूरा भी हो चुका है।

### 'मन की बात' के पिछले एपिसोड...

133वां एपिसोडः पीएम ने कहा कि हमारे देश में इस समय जनगणना का अभियान चल रहा है। यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। जो साथी पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है।

132वां एपिसोडः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है।

131वां एपिसोडः पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में ग्लोबल अकइम्पेक्ट समिट के दौरान, कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। अक की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। अकसमिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है।

130वां एपिसोडः आज भारतीय संस्कृति और त्योहारों की पहचान पूरी दुनिया में बन रही है। विदेशों में भी भारत के त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाए जाते हैं।

### 23 सितंबर 2025 को दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए बनाई कमेटी की बैठक हुई थी

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर सुरक्षित रास्ता तलाश रही सरकार, दो चरणों में लागू करने का प्रस्ताव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े।

पूरे देश को एक साथ चुनावी चक्र में लाने के बजाय दो चरणों- 2029 और 2034 में बढ़ने का विकल्प सबसे व्यावहारिक माना जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

संयुक्त संसदीय समिति की अवधि 2026 के मानसून सत्र तक बढ़ाई जा चुकी है। ऐसे में 2029 से चुनावी चक्र एक करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। वहीं, 2034 तक पूरे देश को साझा चुनावी चक्र में लाने का लक्ष्य है। लॉ कमीशन के पूर्व सदस्य और मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज के डीन आनंद पालीवाल ने कहा कि एक देश-एक चुनाव' को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए संवैधानिक विकल्प मौजूद हैं। कुछ राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने से पहले चुनाव कराए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में कार्यकाल बढ़ाने के विकल्प भी हैं। भारत में पहले भी विशेष परिस्थितियों में लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल में बदलाव किए गए हैं। हालांकि किसी भी व्यापक बदलाव के लिए संसद द्वारा आवश्यक कानूनी प्रावधान और राजनीतिक सहमति जरूरी होगी।

1952 से 1967 तक यानी चार बार लोकसभा व अधिकांश विधानसभा चुनाव साथ हुए। 1967 के बाद कई राज्यों में सरकारें गिरने लगीं। 1968-69 में कई विधानसभाएं भंग हुईं और 1970 में लोकसभा भी कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो गई। इससे देश का साझा चुनावी चक्र बिखर गया। 1971 में लोकसभा के मध्यावधि चुनाव हुए और राज्यों में चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। बाद में गठबंधन सरकारों, राष्ट्रपति शासन और समय से पहले चुनाव ने अंतर और बढ़ा दिया। विधि आयोग और नीति आयोग समय-समय पर चुनावी चक्र एक करने की सिफारिश करते रहे हैं।

17-18 मई 2025 को महाराष्ट्र दौरा किया। वहां मुख्यमंत्री, राजनीतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों, बैंकों, सार्वजनिक उपक्रमों (ढरव) और रेगुलेटरी संस्थाओं से बातचीत की गई। समिति का मकसद यह समझना था कि एक साथ चुनाव कराने से प्रशासन, खर्च और शासन पर क्या असर पड़ेगा। उत्तराखंड- 19-21 मई 2025 के बीच देहरादून और उत्तराखंड के दूसरे हिस्सों में गई। समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य प्रशासन और अन्य संगठनों से चर्चा की। धामी ने खढढ से कहा कि बार-बार चुनाव होने से पिछले 3 साल में करीब 175 दिन आचार संहिता के कारण सरकारी काम प्रभावित हुए।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में पैनल का गठन

उनका दावा था कि अगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ हों तो 30-35% तक खर्च बच सकता है। क्योंकि, पहाड़ी राज्यों में बार-बार चुनाव कराना मुश्किल होता है। वहीं, चारधाम यात्रा, बारिश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियां चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं।



खढढ को रिपोर्ट 2026 के मानसून सेशन के आखिरी हफ्ते के पहले दिन तक सबमिट करनी है। रिपोर्ट में सभी कंसल्टेशंस, प्रेजेंटेशंस और मीटिंग के के इनपुट्स को इकट्ठा करके सिफारिशें दी जाएंगी। अभी कोई फाइनल डेडलाइन या सबमिशन डेट पब्लिश नहीं हुई है। खढढ की रिपोर्ट के बाद संसद में आगे चर्चा/वोटिंग होगी। 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल का गठन किया गया था। इस पैनल ने हितधारकों-विशेषज्ञों के साथ चर्चा और 191 दिनों के शोध के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### ममता बोलीं- अभिषेक हेलमेट नहीं पहनते तो जान चली जातीः

# शरीर में खून के थक्के जमे, अस्पताल में इलाज नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले को साजिश बताया। ममता ने कहा- अभिषेक ने अगर हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी मौके पर जान जा सकती थी।

हमले के बाद अभिषेक को जब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया तो अस्पताल प्रशासन पर इलाज न करने का दबाव डाला गया। साथ ही उन्हें जल्द डिस्चार्ज करने को कहा गया। पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को मारपीट की गई। वे यहां चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।

आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। अभिषेक बनर्जी को अस्पताल से घर ले जाया गया है। ममता ने कहा कि अब फैमिली डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज होगा।

अभिषेक बनर्जी को अस्पताल से घर ले जाया गया है। ममता ने कहा कि अब फैमिली डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज होगा।



### बुआ चोर-भतीजा चोर के नारे लगे

सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (रख्रफ़) मामले पर सुनवाई की थी, जहां तब बंगाल की मुख्यमंत्री रहीं ममता बनर्जी ने भी दलीलें रखीं थीं। कोर्ट रूम में ममता ने 13 मिनट तक अपनी बात रखी। बेंच के सामने हाथ जोड़कर खड़ी ममता ने कहा कि हमें कहीं न्याय नहीं मिल रहा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं थीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं।

### ममता ने कहा- साउथ कोलकाता के डीसीपी ने अस्पताल पर दबाव डाला

हमले के बाद अभिषेक को पहले अपोलो अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घर पर आराम की सलाह दी थी। बाद में उन्हें बेले व्यू अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में अभिषेक से मिलने के बाद ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

भाजपा नेताओं और दक्षिण कोलकाता के डीसीपी की ओर से डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को धमकी भरे फोन आ रहे थे।

अगर अभिषेक की हालत गंभीर नहीं थी तो उन्हें आईटीयू में क्यों रखा गया? फिर अचानक उन्हें अस्पताल से छुट्टी क्यों दी गई? अब अभिषेक का इलाज घर पर ही होगा। उनके घर पर ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य मेडिकल उपकरण लगाए गए हैं।

दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सोनारपुर बेहत संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां टीएमसी और बीजेपी के बीच चुनावों के दौरान और बाद में राजनीतिक हिंसा होती रही हैं। विधानसभा चुनाव 2026 के बाद मई में हुई हिंसा में सोनारपुर में एक टीएमसी कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।

## इंटरनेशनल पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, गाजियाबाद में साथी खिलाड़ी ने मारी गोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंटरनेशनल भारतीय पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की शनिवार को गाजियाबाद में हत्या कर दी गई। हत्या चिराग के साथी खिलाड़ी यश खटिक ने ही की। वारदात के समय चिराग बेंगलुरु में हुई इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर घर लौट रहे थे। इस जीत के साथ उन्होंने एशियन पैरा गेम्स में क्वालिफाई किया था। चिराग का शव हिंडन क्षेत्र में साईं उपवन में मिला। उनकी पीठ पर गोली का निशान था। चिराग त्यागी गाजियाबाद के रहने वाले थे। वह 100 और 400 मीटर दौड़ में भाग लेते थे। चिराग ने नेशनल और इंटरनेशनल मंचों पर शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया। एसीपी उपासना पांडेय ने चिराग की प्रेमिका, कोच और परिजनों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने यश खटिक हिरासत में ले लिया। उसने पूछताछ में हत्या करने की बात कबूल कर ली। पुलिस की जांच और सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि चिराग अपने दोस्त के साथ दिल्ली से ओला कैब से हिंडन तक आए थे। उसके बाद दोनों साईं उपवन गए, जहां चिराग की हत्या की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुरादनगर के रहने वाले यश खटिक को हिरासत में लिया। धवल जायसवाल ने बताया- यश खटिक ने पूछताछ में बताया कि वह भी पैरा खिलाड़ी है। पहले चिराग त्यागी के साथ प्रैक्टिस करता था। दोनों ने साथ में प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया था। एक बार डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान चिराग त्यागी ने यस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### अमेरिका बोला- बातचीत नाकाम रही तो ईरान पर हमला करेंगे:

# ईरानी नेता बोले- हमें अमेरिका पर भरोसा नहीं, फैसला लेने में कोई जल्दबाजी नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से ईरान पर हमला करने की धमकी दी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सिंगापुर में एक समिट के दौरान भाषण में कहा कि ईरान से चल रही बातचीत अगर नाकाम रहती है तो अमेरिका दोबारा हमला कर सकता है।

यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका और ईरान के वाताकार एक प्रस्तावित समझौते पर मतभेद दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस समझौते के तहत अप्रैल की शुरूआत में हुए अस्थायी युद्धविराम को 60 दिन और बढ़ाया जाना है और आगे स्थायी समझौते का रास्ता तैयार करना है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा था कि वह व्हाइट हाउस में एक बैठक में इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला करेंगे। हालांकि, 2 घंटे मीटिंग के बाद उन्होंने इसे टाल दिया था। वहीं, अब तक ईरान ने किसी समझौते के लिए कोई समयसीमा घोषित नहीं की है।

ईरान के मुख्य वाताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने सोशल मीडिया पर कहा कि हमें को अमेरिका पर भरोसा नहीं है। जब तक अमेरिका कदम नहीं उठाता, तब तक ईरान भी कोई कदम नहीं उठाएगा। फिलहाल हमें इसकी जल्दबाजी नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में करीब दो घंटे तक बैठक की। इसके बाद भी ईरान के साथ संभावित समझौते पर अंतिम फैसला नहीं लिया। पीट हेगसेथ ने फिर चेतावनी दी है कि ईरान या तो समझौता स्वीकार करे या फिर बल प्रयोग का सामना करने के लिए तैयार रहे। सुप्रीम लीडर के सलाहकार मोहसिन रजाई ने अमेरिका पर कूटनीति को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका समुद्री नाकाबंदी जारी रखकर बातचीत की प्रक्रिया के साथ धोखा कर रहा है। ओमान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक संदिग्ध तैरती हुई समुद्री बारूदी सुरंग (फ्लोटिंग माइन) देखे जाने की जानकारी दी। जहाजों और मछुआरों को सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की।

### ट्रम्प बोले- ईरान परमाणु हथियार न बनाएगा, न खरीदेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार न खरीदने पर सहमत हो गया है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है।

उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, ह्यपहले ईरान सहमत हुआ कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। इसके बाद मैंने उनसे पुछा क्या आप इसे खरीदेंगे, तो वे इस पर भी सहमत हुए की हम परमाणु हथियार न बनाएंगे न ही खरीदेंगे।

### ईरान का दावा- केश्म द्वीप पर अमेरिकी ड्रोन गिराया

ईरान ने शनिवार को दावा किया कि उसने केश्म द्वीप के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरानी सेना के मुताबिक, यह कार्रवाई देश के जॉइंट एयर डिफेंस हेडक्वार्टर के इंटीग्रेटेड नेटवर्क के तहत काम कर रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने की। ईरान के सरकारी प्रसारक के मुताबिक, बयान जारी कर कहा कि टद1 ड्रोन दुश्मनी भरी कार्रवाई करने की कोशिश कर रहा था। ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और रिवोल्यूशनरी गार्ड की आधुनिक रक्षा मिसाइलों से उसे निशाना बनाकर गिरा दिया। चेतावनी देते हुए कहा कि, किसी भी तरह की आक्रामक कार्रवाई का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### तेहरान में सरकार समर्थकों की रैली

ईरान की राजधानी तेहरान में सरकार समर्थकों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारी ईरानी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और सरकार के समर्थन में नारे लगाए।

### ईरान ने नई तेज रफ्तार हमला नौका पेश की

ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरानी सेना ने अपनी नई नौसैनिक अटैक शिप 27 रजब को पेश किया है। इसे तेहरान के एंकलाब स्क्वायर में आयोजित एक समारोह के दौरान दिखाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह अटैक शिप 100 नॉट यानी करीब 185 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच सकती है। इसमें लंबी दूरी तक क्रूज मिसाइलें दागने की क्षमता भी मौजूद है।

भूराजनैतिक जोखिम मामलों के एक्सपर्ट मार्को विनचेंजो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो जाने और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुलने के बाद भी वहां हालात पहले जैसे सामान्य नहीं होंगे। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में अब सुरक्षित और भरोसेमंद समुद्री रास्ते जैसी स्थिति नहीं रहेगी। इस अहम जलमार्ग में आवाजाही अब पहले से ज्यादा राजनीतिक असर में रहेगी। ट्रम्प के ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू होने से पहले दुनिया का करीब 20% तेल और एलएनजी इसी रास्ते से गुजरता था।

## ट्रम्प 80 साल की उम्र में पूरी तरह फिट:दिल की उम्र 14 साल कम निकली, दिमागी टेस्ट में 30 में 30 अंक मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले महीने 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह पूरी तरह फिट हैं। व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की नई मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है। 3 पन्नों की इस रिपोर्ट में उनकी सेहत को बेहतरीन बताया गया है। ट्रम्प की मानसिक क्षमता की जांच के लिए मॉन्ट्रियल कॉग्निटिव असेसमेंट (एमओसीए) टेस्ट भी कराया गया। यह करीब 10 मिनट का टेस्ट होता है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर या दूसरी मानसिक समस्याओं के संकेतों का पता लगाया जाता है। ट्रम्प को इस टेस्ट में 30 में से पूरे 30 अंक मिले।

व्हाइट हाउस के डॉक्टर शॉन पी. बारबाबेला ने बताया कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां निभाने के लिए ट्रम्प पूरी तरह फिट हैं। उनकी दिले, फेफड़े, दिमाग और शरीर बहुत मजबूत है। ट्रम्प की ह्यकार्डियक एजह्व यानी दिल की वास्तविक उम्र उनकी असली उम्र से 14 साल कम है।

ट्रम्प का यह मेडिकल चेकअप मंगलवार को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुआ था। ट्रम्प अमेरिका के सबसे अधिक उम्र के राष्ट्रपति हैं। ऐसे में 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उनकी कई तरह की शारीरिक और मानसिक जांच की गई। इसमें उळ स्कैन, हार्ट इमेजिंग, कैंसर स्क्रीनिंग और कई प्रिवेंटिव टेस्ट शामिल थे। डॉक्टरों ने उनके दिल का अल्ट्रासाउंड (इकोकार्डियोग्राम) भी किया। पिछले साल उनके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम की अतिरिक्त जांच हुई थी और उन्हें क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी नाम की बीमारी बताई गई थी। इस स्थिति में पैरों की नसों को खून वापस दिल तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प का कॉग्निटिव (याद रखने और फैसले लेने की क्षमता) और फिजिकल परफॉर्मेंस एक्सीलेंट है। डॉक्टर ने लिखा कि ट्रम्प के व्यस्त शेड्यूल, लगातार मीटिंग्स, पब्लिक इवेंट्स और शारीरिक गतिविधियां उनकी ओवरऑल हेल्थ को सपोर्ट करती हैं।

### 1 साल में 6.3 किलो वजन बढ़ा

ट्रम्प का वजन अब 238 पाउंड यानी करीब 108 किलो है। यह मेडिकल तौर पर मोटेपे के करीब है। अप्रैल 2025 की पिछली मेडिकल जांच में उनका वजन 224 पाउंड यानी करीब 101.6 किलो था। ट्रम्प पहले सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि उन्होंने वजन घटाने वाली दवाएं नहीं ली हैं, हालांकि उन्होंने मजाक में यह भी कहा था कि शायद उन्हें लेनी चाहिए। जांच में शामिल डॉक्टर बारबाबेला ने ट्रम्प को वजन कम करने, हेल्दी डाइट अपनाने और ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी की सलाह दी है। उन्हें कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ और वेट लॉस को लेकर काउंसलिंग भी दी गई। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प इस समय कॉलेस्ट्रॉल और हार्ट की तीन दवाएं ले रहे हैं। इनमें दो दवाएं, रोसुवास्टैटिन और एजेटिमिब कॉलेस्ट्रॉल कंट्रोल के लिए है।

## ट्रम्प की बेटी टिफनी भारत दौरे पर, पति के साथ अक्षरधाम और ताजमहल पहुंचीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी ट्रम्प अपने पति माइकल बोलुस के साथ भारत दौरे पर हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने उनका स्वागत किया। दोनों ने दिल्ली स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। टिफनी ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मंदिर यात्रा को शानदार अनुभव बताया। इसके अलावा वे ताजमहल भी गए। दोनों की ताजमहल यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। टिफनी ट्रम्प, डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी पूर्व पत्नी मार्ला मेपल्स की बेटी हैं। उन्होंने 2022 में माइकल बोलुस से शादी की थी।



## रिपोर्ट- ईरान को 29 लाख करोड़ रीकंस्ट्रक्शन फंड मिलेगा: अमेरिकी कंपनियां निवेश करेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते में ईरान को बड़ी आर्थिक मदद देने की बात सामने आई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, समझौता होने पर ईरान को 300 अरब डॉलर (करीब 28.53 लाख करोड़ रुपए) का फंड दिया जा सकता है। साथ ही अमेरिकी कंपनियों को ईरान में निवेश की अनुमति भी मिल सकती है।

एक ईरानी अधिकारी ने इसे रीकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम बताया है। उनका कहना है कि अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ईरान को यह आर्थिक सहायता देने का वादा किया जाएगा।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि दोनों देश परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते के करीब हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और उसके पास मौजूद संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम को खत्म कर दिया जाएगा। हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि फिलहाल परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं चल रही है। वहीं, फार्स न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि समझौते के मसौदे में परमाणु सामग्री को नष्ट करने जैसी कोई शर्त शामिल नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि संभावित समझौते में ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा और होर्मुज स्ट्रेट में किसी तरह का टोल नहीं लगेगा। अमेरिका ने कहा कि अगर ओमान ने ईरान की टोल वसूली व्यवस्था का साथ दिया, तो शामिल देशों, कंपनियों और लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान बोला- अमेरिका की बातों पर भरोसा नहीं

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि तेहरान सिर्फ कार्रवाई पर भरोसा करता है। जब तक अमेरिका कदम नहीं उठाएगा, ईरान भी कोई रियायत नहीं देगा।


### ईरान बोला- 24 घंटे में 24 जहाजों को होर्मुज से गुजरने दिया

ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि पिछले 24 घंटे में 24 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी गई। ईरान के मुताबिक समुद्री ट्रैफिक को नियंत्रित तरीके से चलाया जा रहा है।

### लेबनान में इजराइल की नई चेतावनी

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों के लोगों को घर खाली करने को कहा। सेना का दावा है कि वहां हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी चल रही है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-3
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26 विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 40 | | 58 | | 25 | = | 27 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 6 | | 72 | = | 59 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 3 | | 5 | | 10 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 61 | | 30 | | 24 | | 73 | = | 16 / 80 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | नी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| या | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | गा | ल | क | या | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | ष | व | म | डे | डी. | म्म | सी | यें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | ट | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | ब | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | ने | जे. | र | र |
| गि | ल | च | त | र | ट | क | यें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | या | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...!

00000000

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

00000000

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया - एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी...!

00000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# नेपाली पीएम के 100 में से 88 वादे अधूरे

# शपथ के 30 दिन में 2 मंत्रियों ने सरकार छोड़ी, जेन-जी बोले- क्या काबिल लोग नहीं

**नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को सत्ता संभाले अभी सिर्फ दो महीने हुए हैं, लेकिन उनकी सरकार पर सवाल उठने लगे हैं। बालेन ने 27 मार्च को शपथ लेने के बाद 100 पॉइंट सुधार एजेंडा लॉन्च किया था। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय की ट्रैकर वेबसाइट पर 88 वादे ओवरड्यू यानी तय समय से पीछे बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, सरकार बनने के 30 दिन के भीतर ही बालेन के दो बड़े मंत्रियों को पद छोड़ना पड़ा। श्रम मंत्री दीपक शाह पर पत्नी को गलत तरीके से नौकरी दिलाने का आरोप लगा, जिसके बाद उन्हें हटाया गया। वहीं गृह मंत्री सूदन गुरुंग को एक जांच के दायरे में आए कारोबारी से रिश्तों के आरोपों के बाद इस्तीफा देना पड़ा। इससे जेन-जी युवाओं में नाराजगी बढ़ रही है। युवा सवाल उठा रहे हैं कि अगर यही लोग चुने गए, तो नई राजनीति में फर्क क्या है? क्या सरकार में काबिल लोग नहीं बचे?**

## अध्यादेशों से सरकार चलाने के आरोप

बालेन सरकार के पास निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत है, लेकिन ऊपरी सदन नेशनल असेंबली में उसका एक भी सदस्य नहीं है। नेपाल में कानून पास कराने और संशोधन के लिए ऊपरी



सदन की अहम भूमिका होती है। ऐसे में बालेन सरकार आठ अध्यादेश लाई। इनमें सिविल सर्विस ट्रेड यूनियन और यूनिवर्सिटी छात्र संगठनों को खत्म करने के प्रस्ताव शामिल थे। नेपाल सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी और छात्र संगठनों के विरोध के बीच इन अध्यादेशों पर रोक लगा दी।

सोशल मीडिया पोस्ट में बालेन ने सफाई देते हुए कहा कि स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में पार्टी झंडे बंद करने से छात्रों और कर्मचारियों के अधिकार खत्म नहीं होंगे, बल्कि पेशेवर स्वतंत्रता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और नौकरशाही में छात्र और कर्मचारी संगठन राजनीतिक दलों की ह्यस्लीपर सेलह्न बन चुके हैं। उनके मुताबिक ट्रांसफर और प्रमोशन पार्टी के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता और काम के आधार पर होने चाहिए। बालेन सरकार की सबसे ज्यादा आलोचना अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर हो रही है। नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में बेघर और भूमिहीन लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक सिर्फ काठमांडू घाटी में करीब 4 हजार ढांचे तोड़े गए हैं। इससे कम से कम 15 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

## बालेन की पार्टी के भीतर भी सवाल उठ रहे



बालेन सरकार के कई फैसलों के खिलाफ प्रदर्शन हुए है। साथ ही अदालत में भी चुनौती दी गई है। विपक्ष के साथ-साथ अब उनकी पार्टी के भीतर से भी सवाल उठने लगे हैं। संसद में विपक्ष के सवालों पर जवाब न देने पर बालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेताओं आशिका तमांग और अमरेश कुमार सिंह ने भी सार्वजनिक तौर पर सवाल उठाए। अमरेश सिंह ने कहा कि नेपाल का लोकतंत्र ह्यपाकिस्तान मॉडलह्न जैसा बनता जा रहा है, जहां सरकार संसद के प्रति जवाबदेह नहीं रहती।

### बालेन अपने वादे पूरे क्यों नहीं कर पाए

प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन ने मंत्रालयों की संख्या घटाने, घाटे वाले बोर्ड और समितियों को मर्ज करने और सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों को राजनीति से दूर रखने जैसे बड़े वादे किए थे।

इसके अलावा गौरी बहादुर कार्की आयोग की सिफारिशें लागू करने, बंद पड़ी परियोजनाओं को फिर शुरू करने, निवेश और उद्योग सेवाओं को डिजिटल बनाने और ऊर्जा निर्यात की लंबी रणनीति तैयार करने की बात भी कही गई थी। जानकारों का कहना है कि बालेन शाह की सरकार ने बिना पूरी तैयारी के 24 घंटे, 7 दिन और 15 दिन जैसी बेहद छोटी समय सीमाएं तय कर दी थीं।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रशासनिक सुधारों और नए आयोगों के गठन के लिए कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिसे बालेन सरकार ने जल्दबाजी में नजरअंदाज कर दिया। इसी कारण शुरूआती एक महीने में ही उनके कई बड़े वादे पूरे नहीं हो पाए।



### गिरफ्तारी और आयोग रिपोर्ट पर विवाद

बालेन सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के अंतरिम कार्यकाल में बनी कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का फैसला किया। रिपोर्ट में भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की जांच कर सुधार के सुझाव दिए गए थे। यह जेन आंदोलन से भी जुड़ी थी। सरकार पर आरोप लगा कि इसे स्पष्ट कानूनी आधार के बिना लागू किया गया। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी को लेकर भी विवाद हुआ। आरोप लगा कि उचित कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। कानूनी और राजनीतिक स्तर पर इसका विरोध हुआ। नेपाली कांग्रेस नेता दीपक खड़का को भी लंबे समय तक हिरासत में रखने के बाद सबूतों की कमी के कारण रिहा करना पड़ा।

## भारत से सामान लाने पर सख्ती से सीमा इलाकों में नाराजगी

नेपाल सरकार ने भारत से आने वाले सामान पर कस्टम ड्यूटी के नियम सख्ती से लागू किए हैं। इसके बाद भारत-नेपाल सीमा पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। नियम के मुताबिक भारत से 100 नेपाली रुपए (लगभग 63 भारतीय रुपए) से ज्यादा का सामान लाने पर अनिवार्य कस्टम ड्यूटी देनी होगी। सामान की श्रेणी के हिसाब से टैक्स 5% से 80% तक है। दशकों से नेपाल के लोग भारतीय सीमा वाले शहरों से राशन, दवाइयां, कपड़े, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और शादी का सामान खरीदते रहे हैं। नेपाली नववर्ष के बाद नियमों को सख्ती से लागू किया



## बालेन शाह के वे वादे जो पूरे हुए

मुफ्त स्वास्थ्य सेवा: देश के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में गरीब, असहाय और लावारिस मरीजों के लिए 10% बेड पूरी तरह से मुफ्त देने का वादा लागू।

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी जांच: साल 2006 से लेकर अब तक के देश के सभी शीर्ष राजनीतिक और प्रशासनिक संभ्रांतों (एलीट क्लास), जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह तक शामिल हैं, की संपत्ति की न्यायिक जांच शुरू।

सरकारी संस्थानों का गैर-राजनीतिकरण: सरकारी स्कूलों और नौकरशाही (ब्यूरोक्रेसी) के भीतर राजनीतिक दलों के झंडे, यूनियनों और राजनीतिक गतिविधियों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है।

### 2 महीने में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की

चुनाव प्रचार के दौरान बालेन ने पारदर्शिता और जवाबदेही का वादा किया था। लेकिन



प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी चुप्पी सवालों के घेरे में है। शपथ लेने के बाद से उन्होंने न तो देश को संबोधित किया और न ही कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वह राष्ट्रपति के नीति और कार्यक्रम वाले भाषण के दौरान बीच में ही निकल गए थे। बाद में बिना सूचना संसद से भी अनुपस्थित रहे। विपक्ष ने संसद में लगातार हंगामा किया और प्रधानमंत्री से सदन में आकर जवाब देने की मांग की।

■ वर्ष-12 अंक-207 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश |उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

**परोपकृति कैवल्ये तोलयित्वा जनार्दनः।**
**गुर्वीमुपकृतिं मत्वा ह्यवतारान् दशाग्रहीत्॥**

**भावार्थ** : विष्णु भगवान ने परोपकार और मोक्षपद दोनों को तोलकर देखे, तो उपकार का पल्लु ज्यादा झुका हुआ दिखा; इसलिए परोपकारार्थ उन्हों ने दस अवतार लिये।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 31 मई, 2026

**आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः।**
**परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति॥**

**भावार्थ** : इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिका-इरान्-देशयोः सम्झौतेः कगारे

अमेरिका-इरान्-देशयोः सम्झौतेः कगारे; यूरेनियमं, होर्मुज् च सहितं १४ बिन्दवेषु वार्ता प्रचलति इरान्-देशस्य परमाणुकार्यक्रमस्य, होर्मुज्-जलसन्धिस्य च विषये अमेरिका-इरान्-देशयोः नूतनसम्झौतेः समीपे एव दृश्यते। प्रस्ताविते सौदान्तर्गतं इरान्-देशः अस्थायीरूपेण यूरेनियम-संवर्धनं स्थगयिष्यति, अमेरिका-देशः तु प्रतिबन्धान् शमनं करिष्यति। स्थायिशान्तिं प्राप्तुं द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये स्थायिसम्झौता सर्वथा आवश्यकी इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। अमेरिका-इरान्-देशयोः पुनः सम्झौतेः दहलीयां तिष्ठति। परन्तु तेषां साझीकृतं इतिहासं दृष्ट्वा यावत् सौदाः वास्तविकरूपेण अन्तिमरूपेण न निर्णीता तावत् परिणामस्य पूर्वानुमानं कर्तुं कठिनं भवति। तथापि होर्मुज-जलसन्धि-स्थले तनावानां हाले एव वर्धमानं विचार्य, वातार्मेजस्य समीपे द्वयोः राष्ट्रयोः संकल्पस्य एतावत समीपं प्राप्तम् इति तथ्यं महत्त्वपूर्णं वार्ता अस्ति-एषः विकासः यस्य प्रभावः तत्क्षणमेव तैल-शेयर-बजारयोः द्वयोः अपि प्रतिबिम्बितः अभवत् यूरेनियमविषये वार्ताः सम्प्रति अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये एकपृष्ठीयसम्झौतेः विषये वार्ता प्रचलति यस्मिन् १४ प्रमुखबिन्दवः सन्ति। महत्त्वपूर्णं यत् अस्मिन् समये इराणस्य परमाणुकार्यक्रमः, होर्मुज्-जलसन्धिः च---एते विषयाः पूर्वं गतिरोधस्य स्रोतः आसन्-वातार्लापस्य व्याप्तौ समाविष्टाः सन्ति प्रस्तावे इरान्-देशेन यूरेनियम-संवर्धनस्य अस्थायी-निलम्बनं भवति, यस्य विनिमयरूपेण।

**सीबीआई न्यायालये उक्तवती यत् हवलदारः**

## भौतिकशास्त्रस्य केचन प्रश्नाः एकेन छात्रेण सह मनीषा साझां






ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

सीबीआई न्यायालये उक्तवती यत् हवलदारः भौतिकशास्त्रस्य केचन प्रश्नाः एकेन छात्रेण सह मनीषा मन्धरे च सह साझां कृतवान् इति स्वीकृतवान्। एते एव प्रश्नाः आसन् येषां अनुवादः वा विपरीत-अनुवादः वा कृतः। अस्य विनिमयरूपेण सः आर्थिकलाभान् प्राप्तवान् इति अपि अन्वेषणेन ज्ञातम्। एजेन्सी इत्यस्य अनुसारं एकस्मात् छात्रात् २०,०००, अन्यस्मात् व्यक्तितः २५,००० इत्येव धनराशिः एकत्रितः।

सीबीआइ इत्यनेन न्यायालयाय अपि सूचितं यत्, प्रकरणस्य उत्खननस्य अनन्तरं हविल्दारः स्वस्य मोबाईलफोनतः अनेकाः चैट् लॉग्स् विलोपितवान्, भौतिकशास्त्रस्य प्रश्नबैङ्कसम्बद्धानि नोट्स् च दग्धवान्। एजन्सी एतत् प्रमाणानां नाशस्य प्रयासरूपेण पश्यति। अधुना अन्वेषणसंस्था विलोपितानां डिजिटल-अभिलेखानां अन्येषां इलेक्ट्रॉनिकसाक्ष्याणां च पुनः प्राप्त्यर्थं प्रयत्नाः कुर्वती अस्ति।

उल्लेखनीयं यत्, मूलतः मे-मासस्य ३ दिनाङ्के आयोजिता नीट-यूजी-2026 परीक्षा तदनन्तरं कागदस्य लीकस्य आरोपस्य मध्यं रद्दं कृतवती। परीक्षायां अनियमितातायाः, गोपनीयसामग्रीणां लीकेजस्य च विषये शिकायतां अनन्तरं केन्द्रसर्वकारेण सम्पूर्णस्य विषयस्य व्यापकं अन्वेषणं सीबीआइ-समित्याः समक्षं समर्पितं। ततः परं एजन्सी देशे सर्वत्र निरन्तरं छापा मारयति, गिरफ्तारी च करोति। अस्मिन् प्रकरणे एतावता १० अभियुक्ताः व्यक्तिः गृहीताः सन्ति।

एषा घटना कोटि-कोटि-चिकित्सा-आकांक्षिणां तेषां परिवारेषु च व्यापकं आक्रोशं जनयति। सामाजिकमाध्यमेषु छात्राः परीक्षाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतायाः विषये निरन्तरं प्रश्नं कुर्वन्ति। बहवः छात्राः तर्कयन्ति यत् यदि परीक्षाप्रक्रिया एव सुरक्षिता न भवति-वर्षेभ्यः परिश्रमस्य सज्जतायाः च अभावेऽपि-तस्याः पुण्यशीलछात्राणां भविष्ये घोरः प्रभावः भविष्यति। शिक्षाविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् नीट् इत्यादिषु राष्ट्रियस्तरीयपरीक्षासु कागदस्य लीकस्य घटनाः सम्पूर्णव्यवस्थायाः निहितदुर्बलतां उजागरयन्ति। अभियुक्तस्य ग्रहणमात्रेण समस्यायाः समाधानं न भविष्यति इति ते प्रतिपादयन्ति; अपितु परीक्षाव्यवस्थायाः अन्तः तकनीकी-प्रशासनिक-स्तरयोः महत्त्वपूर्णसुधारस्य आवश्यकता वर्तते। प्रश्नपत्राणां सुरक्षापरिपाटनानां वर्धनानां, सुदृढानां डिजिटल संचरणप्रणालीनां।

**मोबाईले कोऽपि**

## ओटीपी वा सन्देशः न प्राप्तः तथापि खातेतः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

साइबर-जालसाधकाः एकस्य युवकस्य बैंक-खातेः लक्ष-रूप्यकाणि सिफन्-रूपेण निष्कास्य सनसनीम् उत्पन्नवन्तः। अस्य घटनायाः अत्यन्तं आश्चर्यजनकः पक्षः अस्ति यत् पीडितायाः मोबाईलफोने न ओटीपी न च लेनदेनसम्बद्धः कोऽपि सन्देशः प्राप्तः। युवकः केवलं तदा एव एतत् धोखाधड़ीं तदा एव अवगतवान् यदा सः वाहनक्रयणार्थं विवरणं प्राप्तुं बैंकं गतः। सः स्वस्य खातेः शेषं दृष्ट्वा स्तब्धः अभवत्। अस्मिन् विषये पुलिसैः अज्ञातसाइबर अपराधिनां विरुद्धं प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम् अस्ति।

समाचारानुसारं १९ वर्षीयः वंशललितश्रीमलः-सराफापुलिसस्थानस्य सीमान्तरे शकरबजारस्य निवासी-भारतीयराज्यबैङ्कस्य इटवरियाबाजारशाखायां बैंकखातं धारयति। वंशः नूतनवाहनस्य क्रयणस्य विशिष्टाभिप्रायेन चिरकालात् स्वस्य खाते धनं रक्षति स्म। एप्रिलमासस्य २३ दिनाङ्के सः वाहनऋणस्य सुरक्षिततायाः प्रक्रियायाः भागरूपेण विवरणं प्राप्तुं बैंकं गतः। अस्मिन् एव भ्रमणकाले सः आविष्कृतवान् यत् तस्य खाते ७,१९,००० इत्येव धनराशिः लुप्तः अस्ति। बैंकवक्तव्यस्य परीक्षणेन ज्ञातं यत् २०२५ तमस्य वर्षस्य डिसेम्ब-मासस्य ३१ दिनाङ्कतः २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य १८ दिनाङ्कपर्यन्तं विभिन्नेषु तिथौ बहुविधाः लेनदेनाः निष्पादिताः आसन्। वन्शस्य मते विभिन्नैः यूपीआई-चैनेल्-माध्यमेन धनं निष्कासितम् तथापि तस्य मोबाईल-फोने कदापि एकः अपि अथवा बैंक-सचेतना-सन्देशः न प्राप्तः। पीडिता तत्क्षणमेव साइबर हेल्पलाइन् इत्यत्र शिकायतां कृतवान्।

## वायरल पुणे मेट्रो विडियो पर स्पष्टीकरण लीक जलं दर्शयतिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् जातः पुणेमेट्रोयानस्य एकः भिडियो यात्रिकाणां चिन्ता उत्पन्नः आसीत्। तस्मिन् भिडियायां मेट्रो-कोचस्य छततः जलं टपकति इति दृश्यते, येन जनाः वर्षाजलस्य प्रवाहः अथवा निर्माणस्य गुणवत्तायाः दुर्बलतायाः कारणम् अस्य विषयस्य कारणं वदन्ति परन्तु पुणे मेट्रो प्रशासनेन अधुना अस्य विषयस्य विषये आधिकारिकं वक्तव्यं जारीकृत्य स्थितिः स्पष्टीकृता अस्ति। अधिकारिणः स्पष्टतया अवदन् यत् मेट्रो-वाहनस्य छततः स्रवति जलं वर्षायाः कारणेन वा कस्यापि संरचनात्मकस्य लीकेजस्य कारणेन वा न, अपितु वातानुकूलन-प्रणाल्याः अन्तः तान्त्रिक-दोषेण एव अभवत् वायरल्-वीडियो-प्रतिक्रियायां चन्द्रशेखर ताम्ब्वेकर-पुणे-मेट्रो-संस्थायाः अतिरिक्त-महाप्रबन्धकः जनसम्पर्क-अधिकारी च-इत्यनेन व्याख्यातं।

## राशिफल

**मेष** : मेहनत का फायदा मिलेगा। घर के लोग आपका साथ देंगे। पैसों की हालत ठीक रहेगी, बस बेवजह खर्च करने से बचें।

**वृषभ** : घर का माहौल अच्छा रहेगा। रिश्तों में प्यार बना रहेगा। पैसा आएगा, लेकिन खर्च भी रहेंगे।

**मिथुन** : रिश्तों में पहले से ज्यादा समझ बढ़ेगी। जो लोग अकेले हैं, उनकी किसी नए इंसान से बात शुरू हो सकती है।

**कर्क** : परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। रिश्तों में प्यार बढ़ेगा। हालांकि बाहर का खाना कम खाएं।

**सिंह** : आज जोखिम भरे निवेश से बचें। धन की स्थिति में सुधार होगा। बचत के अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** : रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। पैसा धीरे-धीरे बढ़ेगा। सेहत भी पहले से बेहतर महसूस होगी।

**तुला** : काम धीरे-धीरे पूरे होंगे। रिश्तों में समझदारी जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत में थकान रह सकती है।

**वृश्चिक** : परिवार का साथ मिलेगा। किसी खास इंसान से मुलाकात भी हो सकती है। सेहत पहले से बेहतर रहेगी।

**धनु** : खर्च बढ़ सकते हैं। रिश्तों में बहस करने से बचें। आराम करना जरूरी रहेगा। आप समझदारी से स्थिति का हल निकाल लेंगे।

**मकर** : परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। पैसों की स्थिति ठीक रहेगी। सेहत सामान्य रहेगी।

**कुंभ** : पैसा आएगा, लेकिन खर्च भी होंगे। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। आप ऑफिस और पर्सनल लाइफ में संतुलन बनाए रखें।

**मीन** : परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। रिश्तों में प्यार बढ़ेगा। पैसों की स्थिति बेहतर होगी। सेहत भी ठीक रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# कर्क राशि में बन रहा है त्रिग्रही योग, मेष समेत 5 राशियों की चमक सकती है किस्मत

जून 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से खास माना जा रहा है, क्योंकि इस समय केवल ग्रहों का गोचर ही नहीं बल्कि युति का भी महत्वपूर्ण संयोग बन रहा है। इस अवधि में गुरु, शुक्र और बुध एक साथ कर्क राशि में युति बनाते हुए दिखाई देंगे। इस त्रिग्रही योग का प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा।

जून 2026 में ज्योतिषीय दृष्टि से एक महत्वपूर्ण ग्रह संयोग बनने जा रहा है। इस दौरान कर्क राशि में गुरु, शुक्र और बुध का गोचर क्रमशः अलग-अलग तिथियों पर होगा, जिससे त्रिग्रही युति का निर्माण होगा। ग्रहों की यह विशेष स्थिति सभी राशियों पर अलग-अलग प्रभाव डालेगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ऐसी युतियां जीवन में बड़े बदलाव और उतार-चढ़ाव का कारण बन सकती हैं। ऐसे में आइए जानते



हैं कि इस शुभ संयोग से किन 5 राशियों को विशेष लाभ और धन लाभ मिलने के संकेत मिल रहे हैं।

**मेष राशि-** इस अवधि में मेष राशि के जातकों के लिए पारिवारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। माता की सेहत में सुधार होने से मानसिक तनाव कम होगा और घर का माहौल शांतिपूर्ण बना रहेगा। कार्यक्षेत्र या व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए यह समय लाभकारी साबित हो सकता है। अगर वे अपना बिजनेस चला रहे हैं तो अपेक्षा से अधिक मुनाफा मिलने के संकेत हैं। साथ ही, इस समय किया गया सोच-समझकर निवेश भविष्य में अच्छा लाभ दे सकता है, इसलिए जल्दबाजी से बचना बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय नए अवसर लेकर आ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग मिलने से किसी नए काम या प्रोजेक्ट की शुरूआत करने का मौका मिल सकता है, जो आगे चलकर आर्थिक रूप से लाभदायक साबित होगा। कार्यों में प्रगति के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह समय अनुकूल माना जा रहा है, खासकर पैरों से जुड़ी पुरानी समस्याओं में राहत मिलने की संभावना है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय पारिवारिक सुख और मानसिक संतुलन बढ़ाने वाला रहेगा। घर में छोटे बच्चों के आने या किसी शुभ समाचार से खुशियों का माहौल बनेगा। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी बातचीत और समझ मजबूत होगी, जिससे रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। स्वास्थ्य के मामले में भी सुधार देखने को मिल सकता है और पुरानी परेशानियों से राहत मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए यह समय आर्थिक और व्यक्तिगत दोनों ही दृष्टि से शुभ संकेत दे रहा है। संपत्ति से जुड़े मामलों या निवेश में लाभ मिलने की संभावना है, इसलिए सोच-समझकर लिए गए निर्णय फायदेमंद साबित हो सकते हैं। जो लोग घर से दूर रह रहे हैं, उन्हें निजी जीवन में सकारात्मक अनुभव मिल सकते हैं और जीवनसाथी या विशेष व्यक्ति से मुलाकात के योग बन सकते हैं। साथ ही, परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिल सकता है, जिससे राहत महसूस होगी।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह समय पारिवारिक समस्याओं को हल करने में मददगार साबित हो सकता है। किसी रिश्तेदार या करीबी व्यक्ति के सहयोग से घर की पुरानी परेशानी दूर होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में भी सुधार के संकेत हैं, जिससे आय में बढ़ोतरी और स्थिरता महसूस होगी। यह समय राहत और संतुलन लेकर आ सकता है, बशर्ते निर्णय सोच-समझकर लिए जाएं।

## खबर एक नजर...

### व्हाट्सऐप लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़ गए 1.32 लाख रुपये

**उज्जैन।** संत नगर निवासी एक व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर ठग ने व्हाट्सऐप पर एक लिंक और एपीके (अढङ) फाइल भेजकर उसके बैंक खाते से 1 लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए। घटना 24 मई को हुई थी, लेकिन पीड़ित को इसकी जानकारी पांच दिन बाद खाते की जांच करने पर मिली। इसके बाद शुक्रवार को माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार संत नगर निवासी रूपकिशोर गुप्ता के मोबाइल पर 24 मई की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश आया था। संदेश में एक लिंक और एपीके फाइल भेजी गई थी। रूपकिशोर ने लिंक पर क्लिक किया तो सामने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड की जानकारी अपडेट करने की बात कही। पीड़ित के अनुसार लिंक पर क्लिक करने और निर्देशों का पालन करने के बाद उनके खाते से 1 लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए गए। हालांकि उन्हें तत्काल इसकी जानकारी नहीं लगी। शुक्रवार को बैंक खाते की जांच करने पर राशि गायब होने का पता चला। घटना की जानकारी मिलने के बाद रूपकिशोर गुप्ता ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी की आशंका जताई जा रही है और पुलिस आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**उज्जैन।** जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया डाबी में शनिवार सुबह एक युवक का शव उसके खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय भारत सिंह पिता भगवान सिंह, निवासी पिपलिया डाबी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए नागदा सीएसपी विक्रम अहिरवार को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। आईपीएस प्रशिक्षु काजल सिंह भी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने उज्जैन से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया। एफएसएल टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए, जबकि डॉग स्क्वॉड ने आसपास के क्षेत्र में सुराग तलाशने का प्रयास किया। सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### फेसबुक पर दोस्ती, शादी का झांसा और दुष्कर्म.. आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**उज्जैन।** महिलाओं के विरुद्ध गंभीर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के तहत थाना बड़नगर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर स्वयं को अविवाहित बताने तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 3 अप्रैल 2022 को थाना बड़नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से उससे संपर्क किया और स्वयं को अविवाहित बताकर दोस्ती की। इसके बाद आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता को वास्तविकता का पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## कालेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण, परीक्षा की सूचना नहीं देने का आरोप

# माधव महाविद्यालय के कई विद्यार्थी नहीं दे पाए पेपर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन के माधव महाविद्यालय (आर्ट्स एवं कॉमर्स) में प्राचार्य और कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि कालेज के 10 छात्र-छात्राओं को 29 मई को आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग की परीक्षा की जानकारी समय पर नहीं दी गई, जिसके कारण वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सके।

छात्र-छात्राओं का कहना है कि कॉलेज की ओर से परीक्षा संबंधी कोई सूचना नहीं दी गई थी। परीक्षा के दिन सुबह 7:18 बजे कुछ विद्यार्थियों को प्रोफेसर का फोन आया, जिसमें परीक्षा में उपस्थित न होने का कारण पूछा गया। तब जाकर उन्हें पता चला कि उसी दिन उनकी ड्राइंग एवं पेंटिंग की परीक्षा है।

विद्यार्थियों के अनुसार सूचना मिलते ही वे जल्दबाजी में कॉलेज पहुंचे, लेकिन जो छात्र-छात्राएं कॉलेज से दूर रहते थे वे सुबह 7:30 से 7:45 बजे के बीच कॉलेज पहुंचे। उनका आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया। छात्रों का कहना है कि उन्होंने प्राचार्य के समक्ष अपनी बात रखी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई और उन्हें बिना परीक्षा दिए वापस लौटना पड़ा।



परीक्षा से वंचित रहने वालों में गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा विभा मीणा भी शामिल हैं। जोकि इसी माधव महाविद्यालय (आर्टस एवं कॉमर्स) कालेज में एम ए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। विभा मीणा को पूर्व में राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वह भी कॉलेज की नियमित छात्रा होने के बावजूद परीक्षा में शामिल नहीं हो सकीं।



**प्रैक्टिकल परीक्षा की सूचना भी समय पर नहीं मिलने का आरोप–** छात्र-छात्राओं ने बताया कि 18 मई को आयोजित प्रैक्टिकल परीक्षा की सूचना भी उन्हें अंतिम समय में मिली थी। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार कॉलेज के प्रोफेसरों से परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें केवल इतना कहा गया कि समय आने पर सूचना दे दी जाएगी।

**कुलगुरु और कलेक्टर से की शिकायत–** परीक्षा से वंचित हुए विद्यार्थियों ने इस पूरे मामले की शिकायत विश्वविद्यालय के कुलगुरु तथा जिला कलेक्टर से की है। वही सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है छात्र-छात्राओं ने ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। विद्यार्थियों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण उनका एक वर्ष बर्बाद होने की आशंका है और उनका भविष्य संकट में पड़ गया है।

**जांच और कार्रवाई की मांग–** अब छात्र-छात्राएं मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा विशेष अवसर देकर परीक्षा में शामिल कराने की मांग कर रहे हैं।

### प्राचार्या ने आरोपों को बताया निराधार

मामले में कॉलेज की प्राचार्या कल्पना मैडम ने छात्र-छात्राओं के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा का टाइम टेबल विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जाता है और उसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है। कॉलेज ने भी वही टाइम टेबल परीक्षा से लगभग 15 दिन पहले अपने सूचना पटल पर चस्पा कर दिया था। प्राचार्या के अनुसार 29 मई की परीक्षा में लगभग 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने परीक्षा नहीं दी, उनकी कक्षा के अन्य विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। कॉलेज सभी विद्यार्थियों के लिए एक समान सूचना व्यवस्था अपनाता है। उन्होंने कहा,हमें भी आश्चर्य है कि कुछ विद्यार्थियों को परीक्षा की जानकारी क्यों नहीं मिली। टाइम टेबल विश्वविद्यालय बनाता है और उसकी सूचना कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाती है। व्हाट्सएप ग्रुप पर टाइम टेबल इसलिए साझा नहीं किया जाता क्योंकि कई बार उसमें बदलाव हो जाता है, जिससे भ्रम की स्थिति बन सकती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com